

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 29 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-152 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### रोजर बिन्नी का इस्तीफा राजीव शुक्ला बने बीसीसीआई के कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली,29 अगस्त।** रोजर बिन्नी अब बीसीसीआई अध्यक्ष नहीं है. उन्होंने बोर्ड अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है. रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद बोर्ड की जिम्मेदारी राजीव शुक्ला के कंधों पर आ



गई है. राजीव शुक्ला आगामी चुनाव होने तक बीसीसीआई प्रेसीडेंट की जिम्मेदारी संभालेंगे. रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई की बुधवार को एपेक्स काउंसिल की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता राजीव शुक्ला ने की. एपेक्स काउंसिल की बैठक का मुख्य एजेंडा था. बैठक में ड्रीम11 के अनुबंध की समाप्ति और अगले ढाई साल के लिए नए प्रायोजक की संभावना पर चर्चा हुई. हालांकि, इसमें एक समस्या यह है कि एशिया कप 10 सितंबर से शुरू हो रहा है और इतने कम वक्त में नया प्रायोजक ढूंढ़ना आसान नहीं है.

### 6 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत

**गौरेला पेंड्रा मरवाही:** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही में एक दर्दनाक घटना हो गई है. एक 6 साल के मासूम की मरवाही में बिजली के तार के चपेट में आने से एक बच्चा बुरी तरह झुलस गया. जिससे उसकी मौत हो गयी. घटना मरवाही थाना क्षेत्र के करगीकला ग्राम पंचायत की है. करगीकला का रहने वाला लेस सिंह जो दिहाड़ी मजदूर का काम करता है. उसके 6 साल के बेटे गीत सिंह की करंट लगने से मौत हो गयी. गीत सिंह घर के पास खेल रहा था. बच्चा खेलते खेलते घर के पास के खेत में चला गया. उस खेत मालिक ने अपनी फसल को मवेशियों से बचाने के लिए करंट का तार लगाया हुआ था. खेत के चारो ओर करंट का तार लगा हुआ था. बच्चा जैसे ही खेत में पंहुचा करंट की चपेट में आ गया. करंट लगते ही बच्चा बुरी तरह झुलस गया और बेहोश गया. बच्चे को मरवाही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इसकी शिकायत पुलिस से की गयी. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज किया है. फ़िलहाल मामले की जांच की जा रही है.

### लखनऊ में मर्चेंट नेवी अफसर और 100 साल के बुजुर्ग से 1.29 करोड़ की ठगी

**लखनऊ,29 अगस्त।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कुछ जालसाजों ने एक सौ साल के बुजुर्ग व्यक्ति को अपने जाल में फंसाया और इसके बाद उसके सेवानिवृत्त मर्चेंट नेवी अफसर को सात दिन डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपये ठग लिए। इस मामले से हड़कंप मच गया है। इस दौरान दोनों को गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके बैंक ऑफ इंडिया खाते की जानकारी ले ली। जालसाजों ने दोनों को डराने के लिए उन्हें एक जाली वारंट भी भेजा था। जब दोनों को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा उन्होंने सरोजनीनगर थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है। सैनिक हाउसिंग सोसायटी के सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि उनके पिता की उम्र लगभग 100 साल है। उन्होंने बताया कि उनके पिता के पास आलोक सिंह नाम के व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को सीबीआई अफसर बताया और उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए। इसके बाद उसने तुरंत ही अरेस्ट वारंट जारी होने की बात कहते हुए तुरंत ही वॉट्सऐप पर एक जाली वारंट भी भेजा, ताकि वह डर जाएं।

## रायपुर में खुला सीबीएसई का क्षेत्रीय कार्यालय

**रायपुर,29 अगस्त।** राजधानी में सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय की शुरुआत अंततः हो गई है। 1929 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्थापना के 96 वर्षों बाद रायपुर को यह राहत मिली है। अब तक रायपुर सहित प्रदेशभर में संचालित सीबीएसई स्कूल भुवनेश्वर कार्यालय के अधीन थे। अंकसूची में एक अक्षर के सुधार के लिए भी छात्रों और पालकों को ओडिशा तक दौड़ लगानी पड़ती थी। ना केवल छात्र और पालक बल्कि स्कूलों को और पालक बल्कि स्कूलों को भी मान्यता सहित अन्य सभी तरह के कार्यों के लिए पड़ोसी राज्य जाना पड़ता था। अब इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नवीन कार्यालय रिंग रोड स्थित उद्योग भवन टॉवर में संचालित किया जा रहा है। 22 अगस्त से इसकी शुरुआत कर दी गई है। छत्तीसगढ़ के सभी सीबीएसई




स्कूल अब रायपुर के इस क्षेत्रीय कार्यालय के ही अंतर्गत आएंगे। दो उप क्षेत्रीय कार्यालय भी शुरू किए गए हैं। शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर और सिक्किम के गंगटोक में उप क्षेत्रीय कार्यालय में कामकाज शुरू हो गया। वहीं त्रिपुरा के अगरतला स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय में 15 सितंबर से कामकाज शुरू होगा।

### अन्य राज्यों में भी स्थापना

रायपुर सहित सीबीएसई ने अलग-अलग राज्यों में छह नए क्षेत्रीय कार्यालय, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और उप क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना की घोषणा की है। सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूल क्षेत्राधिकार के अनुसार संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शासित होंगे। इस संबंध में सीबीएसई ने अधिसूचना भी जारी की है। इससे छात्रों को सीबीएसई से जुड़े कार्यों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रायपुर सहित झारखंड के रांची में भी नए क्षेत्रीय कार्यालय में कामकाज शुरू हो गया है। वहीं लखनऊ और हरियाणा के लिए गुरुग्राम में नए क्षेत्रीय कार्यालय में एक सितंबर से कामकाज शुरू होगा।

### 6 लाख छात्र

निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि, प्रदेश में 600 से अधिक सीबीएसई स्कूल है, जहां 6 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत है। इन्हें अब राहत मिलेगी।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लोकप्रियता बढ़ी

**रायपुर,29 अगस्त।** सर्वे में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की लोकप्रियता में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अगस्त 2025 के सर्वे के अनुसार, 41.9% लोग उनके कामकाज से संतुष्ट पाए गए हैं। फरवरी 2025 में यह आंकड़ा 39% था। यानी सिर्फ छह महीनों में ही उनकी संतुष्टि दर में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि हुई है। बड़े राज्यों में सीएम विष्णुदेव साय का दूसरा स्थान पर हैं। बड़े राज्यों की श्रेणी में विष्णु देव साय का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा। पहले स्थान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता



बिस्वा सरमा हैं, जिन्हें 44.6% संतुष्टि रेटिंग मिली है। दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय (41.9%) हैं।

**राजनीतिक महत्व**-विशेषज्ञ मानते हैं कि यह आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री साय की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। प्रदेश स्तर पर जनता ने उनकी नीतियों और कामकाज को सकारात्मक रूप से आंका है। राष्ट्रीय स्तर पर भी उनका प्रदर्शन कई अन्य बड़े राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बेहतर दर्ज हुआ है।

## मोदी पर अभद्र टिप्पणी: ओपी बोले- जनता देगी जवाब

**रायपुर,29 अगस्त।** बिहार में महागठबंधन के वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस-आरजेडी के मंच से एक व्यक्ति ने पीएम मोदी के लिए अभद्र टिप्पणी कर दी, जिसके बाद देशभर में सियासत गरमा गई है. छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी कांग्रेस और आरजेडी पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह समर्पित होकर देश की सेवा कर रहे हैं. जब-जब विपक्ष अपने खराब शब्दों का प्रयोग करता है, तब राष्ट्र विरोधी विपक्षी ताकतों के खिलाफ जनता जवाब देती है. अगर पीएम मोदी के बारे में नकारात्मक बातें कही है, तो जनता मजबूती के साथ मोदी के साथ खड़ी रहेगी और करारा जवाब देगी. वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने भी मामले में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की उपस्थिति में ये होना बहुत दुखद है. राहुल गांधी को इतिहास माफ नहीं करेगा. तेजस्वी यादव के दूध के दांत टूटे नहीं हैं. उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मर्यादा भूल गई है. भाषण की जगह में गाली गलौज कर रही है. राजनीति का स्तर गिराने वाले राहुल गांधी हैं. विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस कार्यकाल में हुए शराब घोटाले को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाला भ्रष्टाचार का मॉडल है. छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती सरकार की सलाह पर इस मॉडल को झारखंड में भी अपनाया गया. दोनों राज्यों में हुए शराब घोटाले की जांच में नई परतें खुलेंगी.

**पूर्व पीसीसी चीफ धनेन्द्र साहू ने किया पलटवार**-वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बयान पर पूर्व पीसीसी चीफ धनेंद्र साहू ने पलटवार किया है. उन्होंने विवादित टिप्पणी को लेकर भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि ऐसे बयानों से कांग्रेस सहमत नहीं है. धनेंद्र साहू ने कहा कि मंच से पीएम मोदी के लिए विवादित बयान को कांग्रेस के किसी नेता द्वारा नहीं दिया है. कांग्रेस के खिलाफ बीजेपी मुद्दा नहीं निकाल पा रही है, इसलिए कांग्रेस के ऊपर ये आरोप थोप रही है.

### आरक्षण को लेकर मुंबई में 'मराठा क्रांति, सड़कों पर उतरी

**मुंबई ,29 अगस्त ।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कार्यकर्ता मनोज जारंगे पाटिल ने शुक्रवार को हजारों समर्थकों के साथ मुंबई में शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने दक्षिण मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में अपना अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। जारंगे के इस आंदोलन में शामिल होने के लिए पूरे महाराष्ट्र से मराठा समाज के लोग ट्रेनों के जरिए मुंबई पहुंचे, जिससे शहर के कई हिस्सों में जाम जैसी स्थिति बन गई। मनोज जारंगे ने अपने इरादे साफ करते हुए ऐलान किया कि वह किसी भी कीमत पर पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

## पीएम के रूप में मोदी ही सबसे लोकप्रिय नाम

**नई दिल्ली,29 अगस्त।** देश का राजनीतिक माहौल काफी गरमाया हुआ है. खासकर वोट चोरी के आरोपो को लेकर विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार को घेरने का काम कर रहे हैं. इस बीच इंडिया टुडे सी वोटर के मूड ऑफ द नेशन सर्वे में कई चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं. इसमें जनता से कई तरह से सवाल पूछे गए, जिसमें मौजूदा समय में पीएम कैंडिडेट के लिए कौन सा नेता सही होगा. इस पर प्रधानमंत्री मोदी को सबसे ज्यादा 52 फीसदी वोट मिले. इस तरह से पीएम मोदी प्रधानमंत्री के लिए नंबर वन चॉइस है. दूसरे नंबर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी है, जिन्हें कुल 25 फीसदी वोट मिले हैं. राहुल गांधी सेकंड नंबर पर जरूर हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के बीच ये जो फासला काफी ज्यादा नजर आता है. इसके अलावा लिस्ट में अमित शाह, अखिलेश यादव , योगी आदित्यनाथ और ममता बनर्जी का भी नाम शामिल है, जिन्हें 2-2 फीसदी वोट मिले हैं. वहीं सबसे आखिरी में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम शामिल है, जिन्हें जनता ने महज 1 फीसदी वोट दिया है. इन आंकड़ों से ये साफ मालूम पड़ता है कि पीएम मोदी अभी भी देश की जनता के दिल में जगह बनाए हुए हैं और जनता उन्हें ही पीएम के रूप में देखना पसंद करेगी. इंडिया टुडे सी वोटर के मूड ऑफ द नेशन सर्वे में लोगों से पीएम मोदी के प्रदर्शन को लेकर भी सवाल किया था. इसको लेकर अगस्त महीने में 58% लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी का काम अच्छा लगा है. वहीं साल 2024 के अगस्त महीने में 59 फीसदी लोगों ने पीएम मोदी के काम को सराहा था.

## रायपुर के रहने वाले न्यायमूर्ति आलोक अराधे बने सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश

**नई दिल्ली,29 अगस्त।** दो नए न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ले ली है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। गोरतलब है कि, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 25 अगस्त को हुई अपनी बैठक में उच्च न्यायालयों के दो मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। इन दो न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय अपने पूरी संख्या 34 न्यायाधीशों के साथ काम करेगा। न्यायमूर्ति अराधे बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, और न्यायमूर्ति पंचोली पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। केंद्र ने 27 अगस्त को न्यायमूर्ति अराधे और न्यायमूर्ति पंचोली को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी दे दी है।

## पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला भाजपा नेता:भूपेश बघेल

**रायपुर,29 अगस्त।** बिहार में प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी का मामला गरमाता जा रहा है. इस मुद्दे पर अब पूर्व सीएम बघेल का बयान सामने आया है. उन्होंने अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति को बीजेपी का नेता बताया और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ उनकी तस्वीर होने की बात कही है. भूपेश बघेल ने कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए बीजेपी द्वारा षड्यंत्र रचने की आशंक भी जताई है. पूर्व सीएम बघेल ने कहा, गाली गलौच कोई भी करे वह गलत है. जिस मंच की बात कर रहे हैं वहां गठबंधन के कोई नेता नहीं थे, न राहुल गांधी न तेजस्वी यादव थे. खबरें आ रही है कि वो बीजेपी का नेता है, जिसने प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग किया है. उस व्यक्ति की तस्वीर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ट्विटर में देखी गई है. ये वैसे भी गोडसे के मानने वाले षड्यंत्रकारी हैं. संभवतः ये भी षड्यंत्र है.

**भाजपा का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है : बघेल**-बघेल ने कहा, जिसे हम जानते भी नहीं उनकी बातों के लिए राहुल गांधी से माफी मांगने कह रहे. इन्हें शर्म आनी चाहिए. पीएम के पुराने भाषण देखिए, जर्सी गाय, पचास लाख की गर्लफ्रेंड कहां है. ऑपरेशन सिंदूर के समय एमपी के मंत्री विजय शाह ने टिप्पणी की थी, तब बीजेपी मौन थी, एक शब्द नहीं कहा. ये अमित शाह डीएनए की बात कर रहे, पहले नीतीश बाबू का डीएनए जांच की बात कर रहे थे, अमित शाह अब देखिए गलबहियां लगाकर घूम रहे. बीजेपी का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है इसलिए ये सब बयानबाजी कर रहे हैं. कहीं ये पूरा मामला भी षड्यंत्र न हो.



## भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मारपीट,थाना पहुंचा मामला

**पटना,29 अगस्त।** राजधानी पटना में शुक्रवार (29 अगस्त, 2025) को बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई मारपीट का मामला अब थाने पहुंच गया है. पाटलिपुत्र थाने में बीजेपी पटना महानगर के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता (50 वर्ष) ने आवेदन दिया है. आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी. थाने को दिए गए आवेदन में बीजेपी नेता ने कहा है कि शुक्रवार की सुबह 11.30 बजे कुर्जी अस्पताल से कांग्रेस मुख्यालय तक शांतिपूर्ण तरीके से मार्च निकाला जा रहा था. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता पर कांग्रेस के नेताओं की ओर से टिप्पणी के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन चल रहा था. कांग्रेस मुख्यालय पहुंचते ही पूर्व से साजिश के तहत 100 से 150 कांग्रेसी कार्यकर्ता लाठी-डंडा और ईंट-पत्थर के साथ बीजेपी के कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला कर दिया.

**बीजेपी के कई कार्यकर्ता हुए घायल**-रूप नारायण मेहता ने कहा कि इसमें बीजेपी के कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं. घायलों में रविंद्र यादव, जितेंद्र सिंह, मुकेश यादव, राहुल राय, अनिल सहनी आदि कार्यकर्ता शामिल हैं. उन्होंने बताया कि घायलों को कुर्जी होली फैमिली अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है. उन्होंने दोषियों को चिह्नित करते हुए कार्रवाई की मांग की है.

**'मां का अपमान न बिहार सहेगा, न देश'**-बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन ने इस घटना पर कहा, "यह लोकतंत्र है, जंगलराज नहीं, जहां देश के प्रधानमंत्री और उनकी माताजी के लिए घृणित टिप्पणी की जाए और फिर शांतिपूर्ण विरोध को कुचलने के लिए हिंसा की जाए. कांग्रेस की राजनीति अब केवल गाली, गुंडागर्दी और पत्थरबाजी पर टिक गई है. मां का अपमान न बिहार सहेगा, न देश." उन्होंने कहा कि बिहार की जनता कांग्रेस की इस घटिया मानसिकता और अपराधपरक राजनीति को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी.

## सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे : राहुल

**पटना,29 अगस्त।** चुनावी राज्य बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर पटना में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्य और अहिंसा की जीत होती है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक्स को लेते हुए हिंदी में लिखा कि सत्य और अहिंसा के आगे। असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। उन्होंने कहा कि मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। चुनावी राज्य बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणियों के विरोध में केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर धावा बोलने के बाद पटना में झड़प हो गई। एक वीडियो में दोनों दलों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टी के झंडों से एक-दूसरे पर हमला करते दिख रहे हैं। पटना स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने भाजपा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर पथराव किया गया। बिहार के मंत्री और भाजपा नेता नितिन नवीन ने कहा कि जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। नवीन ने कहा कि बिहार का हर बेटा एक माँ के अपमान के लिए कांग्रेस को करारा जवाब देगा। हम इसका बदला लेंगे। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता आशुतोष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह झड़प सरकार की मिलीभगत से हुई है। आशुतोष ने कहा कि करारा जवाब दिया जाएगा। यह सरकार की मिलीभगत से हो रहा है। नीतीश कुमार गलत कर रहे हैं। इससे पहले आज, दरभंगा पुलिस ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्द कहने के आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पटना में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि बस यही बचा है इनका (भाजपा का) काम। सरकार में रहते हुए ये इस तरह के प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी लड़ाई मतदाताओं के लिए है। हम किसी भी सूरत में यह स्वीकार नहीं करेंगे कि गुजरात से लाकर यहां मतदाताओं का पंजीकरण किया जा रहा है और बिहार के मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं।



### आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली ,29 अगस्त ।** केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल को इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) में कार्यकारी निदेशक के रूप में तीन साल के लिए नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

डॉ. पटेल ने 2016 में रघुराम राजन के बाद आरबीआई के 24वें गवर्नर के रूप में पदभार संभाला था। उनके कार्यकाल के दौरान भारत में नोटबंदी जैसा बड़ा आर्थिक फैसला लिया गया था। इस फैसले की पृष्ठभूमि में डॉ. पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

## जापान की टेक्नोलॉजी, भारत टैलेंट कर सकते हैं कमाल

नई दिल्ली,29 अगस्त। सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध कार्यकारी निदेशक और कंपनी के भारतीय बाजार के प्रमुख राजीव खन्ना ने पीएम मोदी के जापान दौरे पर कहा, 'यह प्रधानमंत्री मोदी की नौवीं जापान यात्रा है। वे जापान, जापानी कंपनियों और जापानी लोगों से बेहद परिचित हैं। कई वर्षों के बाद अपनी यात्रा के दौरान उनका व्यापार पर ध्यान केंद्रित करना बहुत सकारात्मक है। जापानी कंपनियों के दृष्टिकोण से, वे एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण हालात देख रहे हैं, जिसमें कुछ कंपनियों की टैरिफ बाधाएं बढ़ रही हैं और घरेलू बाजार सिकुड़ रहा है। भारत में निर्माण करना और दुनिया को बेचना एक अच्छा और वास्तविक अवसर है। ऑटो क्षेत्र में और भी बहुत कुछ किया जा सकता है। जापानी कंपनियां सेमीकंडक्टर और अन्य उच्च-तकनीकी उद्योगों में भारत में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण आपूर्ति का लाभ उठा सकती हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विदेशी कंपनियों का निवेश बढ़ रहा है और भारत में कैपिटल सिर्फ बढ़ती नहीं है बल्कि बढ़कर कई गुना हो जाती है। प्रधानमंत्री ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि 80 प्रतिशत कंपनियां भारत में अपना विस्तार करना चाहती हैं और 75 प्रतिशत कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सोच रिफॉर्म,परफॉर्म और ट्रांसफोर्म की है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी, ईज ऑफ डुइंग



बिजनेस जैसे सुधारों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जापान हमेशा से भारत का अहम साझेदार रहा है। मेट्रो से लेकर उत्पादन तक, सेमीकंडक्टर से स्टार्टअप तक हमारी साझेदारी विश्वास का प्रतीक बन गई है। जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जापान टेक्नोलॉजी में पावरहाउस है, तो वहीं भारत टैलेंट का पावरहाउस है। टेक्नोलॉजी और टैलेंट ही नेतृत्व कर सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा भारत और जापान में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 'आज भारत में राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक स्थिरता, नीतियों में पारदर्शिता और पूर्वानुमानशीलता है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। और बहुत जल्द, यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है।' प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-जापान आर्थिक फोरम को संबोधित करना शुरू कर दिया है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान की दोस्ती में दोनों देशों के व्यापारिक संबंध बेहद अहम तत्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से विकास कर रही है और भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। पिछले 11 वर्षों में हमारी नीतियों में बड़े बदलाव आए हैं।

### जापानी महिला ने भजन गाकर किया पीएम मोदी का स्वागत

प्रधानमंत्री के स्वागत में पारंपरिक भारतीय नृत्य करने वाली एक जापानी महिला ने कहा, 'हमने उनका स्वागत किया है और उन्होंने मुझे गाना गाने को कहा तो मैंने उनके सामने एक भजन गाया।' प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में उनके समक्ष तबला वादन करने वाले एक जापानी नागरिक ने कहा, 'मुझे भारत आते-जाते 30 साल हो गए हैं तो मेरे लिए सबसे अच्छे दिन आ गए हैं। मैंने पंडित लक्ष्मी महाराज जी से बनारस में तबला बजाना सीखा है। दुनिया के सबसे बड़े नेता के सामने प्रस्तुति देकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।

## एक नजर

### मंदिरों में चोरी करने वाला गिरफ्तार



**दुर्ग,29 अगस्त।** दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिसकी कहानी चौंकाने वाली है। आरोपी यशवंत उपाध्याय केवल मंदिरों में रखी दान पेटियों का पैसा ही चोरी करता था आभूषण, कीमती सामान या अन्य वस्तुओं को हाथ तक नहीं लगाता था। चोरी करने से पहले वह मंदिर में जाकर जय भगवान बोलता, प्रणाम करता, और फिर दान पेटी का ताला तोड़कर रकम लेकर निकल जाता था। चोरी के बाद भी बाहर निकलते समय भगवान को प्रणाम करना नहीं भूलता था विओ- वहीं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी एक निजी समस्या और गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। इस वजह से उसने भगवान से नाराज होकर केवल मंदिरों को ही अपना निशाना बनाया। वह कहता था मुझे ही ऐसा बीमारी क्यों दिया भगवान,आरोपी की गिरफ्तारी में त्रिनयन एप, सीसीटीवी फुटेज और जागरूक नागरिकों की बड़ी भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के 1282 रुपये के सिक्के और एक जुपिटर वाहन बरामद किया। जांच में पता चला कि यशवंत उपाध्याय पहले भी 2011-12 में मारपीट के मामले में जेल जा चुका है, जहां उसकी मुलाकात अन्य अपराधियों से हुई। जेल से छूटने के बाद उसने चोरी की राह पकड़ ली और अब तक 10 अलग-अलग मंदिरों में चोरी करना कबूल किया है।आरोपी चोरी से पहले मंदिरों की रेकी करता था, फिर अपने जुपिटर वाहन को मंदिर से थोड़ी दूर खड़ा करता, कपड़े बदलकर पैदल मंदिर में जाता और चोरी की वारदात को अंजाम देता। वारदात के बाद फिर से कपड़े बदलता और मुख्य मार्ग से न जाकर गलियों का इस्तेमाल करता ताकि सीसीटीवी से बच सके।पुलिस ने जागरूक नागरिकों का आभार जताते हुए कहा कि अच्छी क्वालिटी के कैमरों और नागरिकों के सहयोग से ही आरोपी को पकड़ा जा सका थाना नेवई, सुपेला, पद्मनाभपुर, भिलाई नगर और भिलाई भट्ठी क्षेत्र में हुए कई मंदिर चोरी के मामलों का भी आरोपी ने खुलासा किया है।

### फर्जी खसरे से लिया लोन,गिरफ्तार




**भिलाई,29 अगस्त।** भिलाई नंदिनी पुलिस थाने ने राजस्व विभाग के भुइंया सॉफ्टवेयर में हैकिंग कर फर्जीवाड़ा करने और बैंक से लोन का निकालकर रकम दुरुपयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी दिनूराम यादव और एसराम बंजारे के खिलाफ धारा 318(4), 338, 336 (3), 340(2), 3(5) बीएनएस एवं 66(सी) आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की दोनों आरोपी जेल भेजा गया नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि ग्राम अछोटी और मुरमुंदा के भुइंया सॉफ्टवेयर को आरोपियों ने हैक कर उसमें छेड़छाड़ की आरोपियों ने ऑनलाइन अभिलेख में फर्जी तरीके से खसरा नंबर का बटांकन कर नया खसरा तैयार किया और भारतीय स्टेट बैंक, शाखा नंदिनी नगर से 36 लाख रुपए का लोन आहरित कर लिया। आरोपी दिनू राम यादव और एसराम बंजारे को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है रकम अपनी कंपनी में लगाने वाले एक आरोपी की तलाश नंदिनी प्रभारी ने बताया कि इस फर्जीवाड़े में आरोपी दिनूराम यादव और एसराम बंजारे ने षड्यंत्र रचते हुए राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर किया और बैंक को कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर रकम प्राप्त की जांच के दौरान पता चला कि निकाली गई रकम में से करीब 20 लाख 26 हजार रुपए आरोपी सेक्टर-5, सड़क 33, क्वार्टर नंबर 4-बी निवासी नंद किशोर साहू के खाते में स्थानांतरित किए गए आरोपी नंद किशोर साहू ने इस रकम को अपनी प्राइवेट कंपनी भिलाई-दुर्ग फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी में निवेश कर दुरुपयोग किया ।

### यातायात पुलिस ने 250 चालान काटे



**दुर्ग,29 अगस्त।** दुर्ग जिले में यातायात पुलिस ने सशक्त ऐप और ऑपरेशन सिंदूर के तहत गुरुवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाया इस दौरान प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की गई इस बीच 250 चालान काटे गए और 35 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि पूर्व में इस ऐप की मदद से कई ऐसे वाहन पकड़े जा चुके हैं जो चोरी के थे या फिर आपराधिक गतिविधियों में प्रयुक्त हुए थे इसी क्रम में ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिलेभर में चालानी कार्रवाई भी की गई। विशेष जांच अभियान नेहरू नगर चौक, मालवीय नगर चौक, पुलगांव चौक, सिरसा गेट चौक, कुम्हारी टोल प्लाजा सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर किया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई, जिसमें ड्रिंक एंड ड्राइव के 28, रेस ड्राइविंग के 15, बिना सीट बेल्ट के 26, नो पार्किंग के 32 और अन्य विभिन्न मामलों को मिलाकर 250 चालान काटे गए।

### खेल-खेल में मिला पोषण ज्ञान

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों ने सीखी स्वस्थ जीवन की आदतें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,29 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत जिला कवर्धा में खेल-खेल में पोषण ज्ञान गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अभिनव कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने खेलों के माध्यम से संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

कार्यक्रम के तहत बच्चों को विभिन्न खेलकूद, रंगीन चार्ट, शिक्षण सामग्रियों और प्रश्नोत्तरी के जरिये पोषण के महत्व को सरल और मनोरंजक ढंग से समझाया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए यह सीखा कि संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या उनके स्वस्थ जीवन की नींव है।जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कुपोषण उन्मूलन हमारी प्राथमिकता है। ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना वास्तव में सराहनीय है। इससे बच्चे न सिर्फ ज्ञान अर्जित करते हैं बल्कि व्यवहारिक रूप से उसे अपनाने की प्रेरणा भी पाते हैं।इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना और आंगनबाड़ी केंद्रों को खेल-आधारित शिक्षा केंद्रों के रूप में विकसित करना है। जब बच्चे सीखते हुए आनंद लेते हैं, तब शिक्षा और पोषण दोनों ही प्रभावी तरीके से उनके जीवन में उतरते हैं।परियोजना अधिकारी ने बताया कि विभाग लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों में नवाचार कर रहा है ताकि बच्चों में शिक्षा और पोषण दोनों के प्रति रुचि विकसित हो। इस दौरान अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया और इस पहल की प्रशंसा की।यह कार्यक्रम न केवल बच्चों में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जागरूकता फैला रहा है, बल्कि पूरे समुदाय को सुपोषित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में जोड़ने का कार्य भी कर रहा है।

## स्व सहायता समूह की महिलाएं बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

**रायपुर, 29 अगस्त।** दूसरी महिलाओं के लिए बनी प्रेरणादूसरी



महिलाओं के लिए बनी प्रेरणामुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बिहान योजना उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड की रीमा स्व सहायता समूह ने आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश की है।मात्र 100-100 रुपये की मासिक बचत से शुरू हुआ यह समूह आज 35 शासकीय विद्यालयों को मध्यान्ह भोजन हेतु राशन उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती सविता चौहान ने बताया कि इस कार्य से समूह को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपये से अधिक की आमदनी हो रही है, जिससे सभी 10 सदस्य महिलाएं आर्थिक रूप से लाभान्वित हो रही हैं।रीमा स्व सहायता समूह ने 1.5 लाख रुपये का ऋण लेकर अपने सदस्यों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ ही उनकी आजीविका को और मज़बूती प्रदान की है। श्रीमती चौहान ने बताया कि अब समूह की किसी भी सदस्य को आर्थिक मदद के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। महिलाएं स्वरोजगार से अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं

## 7 में से 6 सोसायटियों में यूरिया की कमी

**आरंग।** मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले 7 सोसायटियों में से 6 में यूरिया खाद नहीं है । इसकी कमी के चलते किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है और किसान सोसायटियों के चक्कर काट रहे हैं जहां से सिर्फ एक ही जवाब मिल रहा है कि हमने विपणन संघ के अधिकारियों को मांग पत्र भेज दिया है , खाद आते ही वितरित कर दिया जावेगा । इस शाखा के अधीन आने वाले खुटेरी ( उमरिया ) सोसायटी को छोड़ अन्य 6 सोसायटियों में किसानों को मांग के अनुरूप यूरिया खाद नहीं मिल रहा । पलौद में लगभग 250 बोरी , गनौद में 200 बोरी , टेकरी व बरौदा में 150 - 150 बोरी , मंदिर हसौद व गोढ़ी में 350 - 350 सौ बोरी के आसपास खाद की मांग है । किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने किसानों व सोसायटियों से संपर्क करने के बाद यह जानकारी देते हुये कहा है कि शासन -प्रशासन प्रदेश में पर्याप्त खाद होने का दावा कर रहा है यदि यह सच है तो फिर यह वितरण में कुप्रबंधन का मामला है ।




**कवर्धा। गांव-गांव में पंडालों में भगवान श्रीगणेशजी की मूर्ति विराजित**



### जिले की समितियों एवं निजी दुकानों में 14 हजार 189 टन खाद विक्रय हेतु शेष

**महासमुंद 29 अगस्त ।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025 में जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी दुकानों में अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिए है। अधिकारियों द्वारा लगातार खाद की उपलब्धता एवं वितरण पर निगरानी रखी जा रही है उप संचालक कृषि श्री एफ.आर. कश्यप ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों से खाद प्राप्त कर सकते हैं। 1 अप्रैल से 26 अगस्त की स्थिति में जिले के सहकारी एवं निजी समितियों में कुल 86 हजार 991 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है।

# कलेक्टर ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



**भिलाई, 29 अगस्त।** शहर की सर्वांगीण विकास हेतु निर्माणाधीन एवं पूर्व निर्मित कार्यों का कलेक्टर अभिजीत सिंह, महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के साथ निरीक्षण किया । राधिका नगर पानी टंकी समीपस्थ स्लॉटर हाउस का निर्माण किया गया है । इसके संचालन एवं रख रखाव हेतु नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति जारी की गई है । मांस या मटन विक्रेताओं को पशु वध के पूर्व स्लॉटर हाउस से लैब टेस्ट करवा कर रोग रहित पशु का प्रमाण पत्र लेना होगा । इसके संचालित होने से रोग रहित एवं प्रमाणित मांस का विक्रय दुर्ग जिले के शहरो में होगा । निर्मित स्लॉटर हाउस के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा जानकारी प्रदान किया गया। गैर प्रमाणित मांस/मटन के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु कलेक्टर द्वारा स्लॉटर हाउस के मशीनों को बारीकी से अवलोकन किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर, महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा शहीद उद्यान में निर्माणाधीन ई लाइब्रेरी का अवलोकन किया गया, अविलंब निर्माण हेतु एजेंसी कुणाल बिल्डर्स को निर्देशित किया गया है । संचालन एवं रखरखाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस ई-लाइब्रेरी के निर्माण से भिलाई कोचिंग के लिए आए बच्चों को प्राकृतिक, मनोरम एवं एकांत वातावरण मिलेगा । लाइब्रेरी के लिए वर्तमान में छात्रों द्वारा निजी स्थानों में किए जा रहे व्यय ज्यादा है, इसके बाद व्यय में कमी आएगी। वर्तमान में शहीद उद्यान में संधारण कार्य जारी है जिसके कारण उद्यान 31 अगस्त तक बंद रखा गया है। म्यूजिकल फाउंटेन संधारण के लिए बाहर भेजा गया है, जिसका संधारण कर पार्क में लगा दिया जाएगा । शहर के स्कूली या कोचिंग के बच्चे कुछ माह में ही उद्यान के साथ-साथ ई लाइब्रेरी लाभ लेंगे। कलेक्टर, महापौर सहित निगम आयुक्त ट्रैफिक पार्क का अवलोकन कर संचालन एवं रखरखाव के संबंध में चर्चा किए। उद्यान में आए आगंतुक हेतु फूड जोन का व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा प्रियदर्शनी परिसर पूर्व से पश्चिम की ओर रेलवे लाइन के समानांतर बनने वाले रोड का अवलोकन किया गया। प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम स्विमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग एवं नालंदा परिसर स्थल का निरीक्षण किया गया । उक्त निर्माण संबंधी दस्तावेज एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर चर्चा किया किया गया है ।राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ई सिटी बस सेवा स्टॉपेज निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण कर ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किये । अविलंब निर्माण हेतु एजेंसी कुणाल बिल्डर्स को निर्देशित किया गया है ताकि शीघ्रता से लोगों को ई सिटी बस सेवा का लाभ मिल सके। इस सिटी बस सेवा से जिले के संपूर्ण रूट में सफर करने वालों को लाभ मिलेगा । माना एयरपोर्ट जाने के लिए भी सिटी बस सेवा का लाभ मिल सकता है । चूकि बस बैटरी ऑपरेटेड है अतः इस सेवा से पर्यावरण एवं आम जनजीवन हेतु कोई दुष्प्रभाव नहीं है । विभिन्न स्थलों में निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय राजपूत, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर, अनिल सिंह, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, दीपक देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, उप अभियंता बसंत साहू, श्वेता महेश्वर, अर्पित बंजारे, चंदन निर्मलकर, पलाश वैद्य, सागर दुबे एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्कूल शिक्षा एवं ग्रामोद्योग मंत्री यादव ने किया खादी महोत्सव का शुभारंभ



**भिलाई, 29 अगस्त ।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित खादी महोत्सव का शुभारंभ किया। सिविक सेंटर के वेल्डेक्स ग्राउंड में ग्रामोद्योग बोर्ड अंतर्गत बुनकरों द्वारा स्वदेशी खादी वस्त्रों की बिक्री हेतु प्रदर्शनी लगाई गई है। शुभारंभ अवसर पर ग्रामोद्योग मंत्री यादव ने कहा कि खादी सिर्फ वस्त्र नही, यह आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक है।

उन्होंने उपस्थित जनों से खादी वस्त्रों के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वयं भी खादी वस्त्र खरीदा और सभी से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे, दुर्ग निगम के सभापति श्याम शर्मा, पार्षदगण एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आदि कर्मयोगी अभियान में पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका : नंदनवार

**महासमुंद 29 अगस्त ।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अभियान आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में ग्राम सचिवों के लिए जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभियान के बारे में सम्पूर्ण जानकारी एवं दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यक्रम में योजना के उद्देश्य, कार्य का तरीका एवं परिणाम के सम्बन्ध में आवश्यक चर्चा भी किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले के पांचों जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं समस्त ग्राम के सचिव मौजूद थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार ने कहा कि सभी सचिव इस अभियान हेतु अपने ग्राम के नोडल अधिकारी के रूप में काम करेंगे एवं सेवा प्रदायगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त विभागों के साथ मिलकर अभिसरण की भावना से ग्रामों का विकास किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

अभियान के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आदिवासी विकास विभाग से मास्टर ट्रेनर श्री निलेश खांडे ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर एक ऐसे लीडरशिप टीम तैयार करना है जो अपने ग्राम के मूलभूत आवश्यकताओं को शासन तक उचित तरीके से रख पाएं। जिससे शासन-प्रशासन उसे सही तरीके से पूरा कर पाए, साथ ही सभी योजनाओं का लाभ अंतिम मील तक संतृप्त हो सके। इस अभियान के लिए महत्वपूर्ण कड़ी में आदि सेवा केंद्र है।

## बाबा साहेब की 25 फीट ऊंची प्रतिमा लगाने रमन सिंह ने सीएम को लिखा पत्र



**रायपुर, 29 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नवा रायपुर स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन परिसर में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट से ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित करने हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा की है।

डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री से लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में शीघ्र आवश्यक निर्देश जारी करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने गठन के 25 वर्षों की यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। संविधान में निहित स्वतंत्रता, समता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों से प्रेरित होकर यह राज्य समावेशी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित विधानसभा परिसर में प्रस्तावित डॉ. अंबेडकर की यह भव्य प्रतिमा न केवल संविधान निर्माता को यथोचित सम्मान अर्पित करेगी, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सामाजिक समता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा का प्रतीक भी बनेगी।उल्लेखनीय है कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर 12 दिसंबर 1945 को रायपुर आए थे और वर्तमान माधवराव सप्रे शाला परिसर (तात्कालीन लॉरी स्कूल) में ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित किया था। इस यात्रा ने छत्तीसगढ़ की धरती को उनके विचारों और व्यक्तित्व से सशक्त बनाया।यह पहल डॉ. अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी (ए.डब्ल्यू.एस.) की ओर से की गई है। सोसाइटी के चेयरमैन दिलीप वासनीकर एवं प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से विगत दिनो मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने राज्य स्थापना के रजत महोत्सव वर्ष में यह प्रतिमा स्थापित करने का निवेदन करते हुए इसे सामाजिक समता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।डॉ. रमन सिंह ने ए.डब्ल्यू.एस. की इस पहल को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि इस प्रतिमा की स्थापना से छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर एक समावेशी और संवेदनशील राज्य के रूप में और भी सशक्त होगी।

## भारत की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत : राज्यपाल




**रायपुर, 29 अगस्त।** भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान इसी एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का सशक्त प्रतीक है।

राजभवन में गुरूवार को 9 राज्यों का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गोवा, तेलंगाना, मिजोरम, सिक्किम और हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि यह पहल केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भावनात्मक एकीकरण का माध्यम है। केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में आज राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में इन राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि भाषाओं, वेशभूषा, खान-पान, कला और परंपराओं में भिन्नता होने के बावजूद हमारी आत्मा एक है। यही विविधता भारत को विश्व में अद्वितीय बनाती है। आज जिन राज्यों का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, वे भारत की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को और अधिक उजागर करते हैंराज्यपाल ने बिहार को ज्ञान की भूमि, गुजरात को व्यापार और उद्योग का अग्रणी, महाराष्ट्र को वीरता व संत परंपरा का प्रतीक, पश्चिम बंगाल को साहित्य और विज्ञान का केंद्र बताया। उन्होंने गोवा को पर्यटन की राजधानी, तेलंगाना को तकनीकी विकास का हब, मिजोरम व सिक्किम को पूर्वोत्तर की शान और हिमाचल प्रदेश को देवभूमि और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक बताया। राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़ें, अन्य राज्यों की संस्कृति को समझें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

## अब बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं,जिले के पंप संचालकों ने उठाया कदम



**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ।** जिले में सड़क हादसों को कम करने और लोगों की जान बचाने के लिए अब प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी और पुलिस अधीक्षक श्री एस.आर. भगत की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में हुई बैठक में तय किया गया कि अब जिले के सभी पेट्रोल-डीजल पंपों पर ÷नो हेलमेट-नो पेट्रोल÷ नियम सख्ती से लागू किया जाएगा।

बैठक में सभी पंप संचालकों ने इस फैसले का स्वागत किया और सहमति जताई। तय हुआ कि आने वाले एक हफ्ते तक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को समझाया जाएगा कि पेट्रोल लेने के लिए हेलमेट पहनना जरूरी है। इसके लिए सभी पंपों पर चेतावनी वाले फ्लैक्स लगाए जाएंगे और चौक-चौराहों पर भी घोषणाएं की जाएंगी। इसके बाद प्रशासन हेलमेट की अनिवार्यता को सख्ती से लागू करेगा।

बैठक में मानवता की सेवा के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता लेने पर भी चर्चा हुई। इसमें सभी पंप संचालकों ने 1000 रुपये शुल्क जमा कर आजीवन सदस्यता ली। इसके साथ ही, गौरेला के मथुरा पेट्रोल पंप संचालक उमेश अग्रवाल और पेंड्रा के काव्या पेट्रोल पंप संचालक आदित्य साहू ने 25 हजार रुपये सेवा शुल्क देकर संरक्षक सदस्यता भी ग्रहण की।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा सहित जिले के सभी प्रमुख पेट्रोल पंप संचालक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम से जुड़े विभिन्न पंप संचालकों ने भी भाग लिया और इस जनहितकारी निर्णय का समर्थन किया। इस तरह प्रशासन और पंप संचालकों के संयुक्त प्रयास से जिले में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और हेलमेट पहनने की आदत से कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकेंगी।

## एक नजर

### राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन 31 तक

**बलौदाबाजार, 29 अगस्त।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक खेल गतिविधियों,सांसद खेल महोत्सव, स्कूल व कॉलेजों में खेल से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद, फ़िटनेस टॉक, स्थानीय स्तर पर प्रचलित इनडोर गेम्स की प्रतियोगिताएं एवं "Sundays on Cycle" कार्यक्रम के अंतर्गत सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा। 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 को खेल गतिविधियों के अंतर्गत जिले के खिलाड़ियों के मध्य एथलेटिक्स (100 मी. दौड़, लम्बी कूद), फुटबॉल एवं बैडमिंटन, खेल से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद, फ़िटनेस टॉक, स्थानीय स्तर पर प्रचलित इनडोर गेम्स की प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यकमों में सहभागिता हेतु भारत सरकार की वेबसाईट https://fitindia.gov.in/national-sports-day-2025 में पंजीयन कर ऑनलाईन वेबसाईट से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।उक्त आयोजन में खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाडी, जिला मुख्यालय के समस्त स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों, खेल में रूचि रखने वाले विद्यार्थी, खिलाडी भाग ले सकते है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर साइकिल रैली

**मोहला 29 अगस्त ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मोहला में 29 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मिनी स्टेडियम मोहला में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 30 अगस्त को प्रातः 8:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से मिनी स्टेडियम मोहला तक साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता 30 को

**राजनांदगांव 29 अगस्त 2025।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे से डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में किया गया है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिमा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाले दल को 7000 रूपए, द्वितीय स्थान आने वाले दल को 5000 रूपए, तृतीय स्थान आने वाले दल को 5000 रूपए, सांत्वना पुरस्कार पांच प्रतिभागियों को 2000 रूपए पुरस्कार दिया जाएगा।

### सीईओ ने महतारी सदन के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 29 अगस्त।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भानपुरी, सोमनी, देवादा, मोखला एवं सुकुलदैहान में प्रगतिरत महतारी सदन के निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने महतारी सदन निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्ता के साथ समय सीमा में महतारी सदन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग राजनांदगांव एवं अन्य उप अभियंता उपस्थित थे।

### ढाबा संचालक पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई

**राजनांदगांव, 29 अगस्त।** जलशा ढाबा देवादा के संचालक द्वारा अपने पार्किंग स्थल में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर आरोपी ढाबा संचालक रउफ खान पिता मो0 इब्राहिम खान उम्र 41 साल निवास तितुरडीह थाना मोहन नगर दुर्ग छ0ग0 के विरूद्ध धारा 36(ग) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया, ग्राम देवादा हमारा ढाबा के सामने आम जगह पर शराब के नशे में उत्पात मचा रहे ढाबा संचालक आरोपी दीपक यादव पिता अशोक यादव उम्र 32 साल निवासी देवादा थाना सेमनी राजनांदगांव के विरूद्ध धारा 36(च)2 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया, तथा सार्वजनिक स्थान देवादा में शराब सेवन करने वाले 01. ऋषि पटेल पिता चंद्रकुमार पटेल उम्र 38 साल निवासी कौरिनभाठा राजनांदगांव, 02. डोमेश्वर साहू पिता पुरूषोत्तम साहू उम्र 48 साल निवासी पताल भैरवी मंदिर के पीछे राजनांदगांव, 03. दीपेश विश्वकर्मा पिता रामअवतार विश्वकर्मा उम्र 31 साल निवासी ग्राम ईरा थाना सोमनी राजनांदगांव, 04. कामता प्रसाद साहू पिता बहूरसिंग साहू उम्र 35 साल निवासी चिखली राजनांदगांव, 05. राजेश्वर साहू पिता संतोष साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम ईरा थाना सोमनी राजनांदगांव के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। ढाबा संचालकों के लाइसेंस निरस्त करने हेतु प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक महोदय के माध्यम से कलेक्टर महोदय को भेजा जाना सुनिश्चित किया गया।

# आवास चौपाल से लोगों को समय पर घर बनाने किया जा रहा प्रेरित

## प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आ रही तेजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 29 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। आवास चौपाल में हितग्राहियो को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे आवास निर्माण में तेजी आ रही है। बताया गया कि वर्ष 2024-25 में 41422 आवासो की स्वीकृति दी गई है जिसमें से 25710 आवास पूर्ण कर लिया गया है।शेष आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों तथा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा आवास चौपाल में उपस्थित होकर सभी अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने आवश्यक कदम उठाये जा रहे है ।गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण हेतु कनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

सामाग्री आपूर्ति एवं अभिसरण के तहत मिलने वाले लाभों से अवगत कराया जा रहा है।हितग्राहियों को अपने निर्माणाधीन आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण में होने वाली समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। अब तक जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 106,भाटापारा में 35, कसडोल में 60, पलारी में 33 एवं सिमगा में 34 ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन किया जा चुका है। शेष ग्राम पंचायतो में एक सप्ताह में आवास चौपाल क़ा आयोजन किया जाएगा।

# डिलापहरी में छात्राओं को साइकिल वितरित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 29 अगस्त।** शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधा लाभ अब गांव-गांव तक पहुँच रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की सदस्य एवं सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने ग्राम डिलापहरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। छात्राओं को जैसे ही नई-नई चमचमाती साइकिलें मिलीं उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कई छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में परेशानी नहीं होगी और वे समय पर पढ़ाई कर सकेंगी। श्रीमती सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विशेषकर ग्रामीण अंचलों की छात्राओं को पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए।

# रजत महोत्सव पर आयोजित महतारी मेगा हेल्थ कैंप का लाभ 800 लोगों ने उठाया

**बलौदाबाजार, 29 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत महोत्सव के अवसर पर एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन, पलारी एवं भाटापारा में महतारी मेगा हेल्थ कैंम्प का आयोजन किया गया। हेल्थ कैम्म में लगभग 800 हितग्राही लाभान्वित हुए।

मेगा हेल्थ कैंप में किशोरी बालिकाओं एंव महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन का परीक्षण ,शुगर एवं बीपी की जॉच एवं बाल मेला का आयोजन कर उपस्थित समुदाय को पोषण आहार ,खान- पान के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा, लवन, पलारी की टीम शामिल हुई जिसमें टीम का नेतृत्व भाटापारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेन्द्र महेश्वरी, पलारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएल ध्रुव,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.सुषमा महेश्वरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रीतु वर्मा द्वारा किया गया। मेगा हेल्थ कैम्प में करीब 800 हितग्राही लाभान्वित हुए एवं मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बालिका सुरक्षा माह (14 अगस्त से 15 सितंबर 2025) के अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर, जर्वे एवं स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में जागरूकता का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं की अपराध के प्रति संवेदनशीलता तथा लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की वर्तमान प्रासंगिकता के बारे में छात्रो को जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही सोशल मीडिया से दुरूपयोग से बालिकाओं के जीवन में पड़ रहे दूरगामी परिणामों के बारे में विद्यालयीन छात्राओं को जागरूक किया गया। कुल 03 विद्यालयों में 700 छात्रो को उक्त जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लवन शिवमंगल सिंह चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष पलारी सविता यादव, सभापति शांता साहू,परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू, सुश्री बिना रॉय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं सहित स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# आदि कर्मयोगी अभियान :17 सितम्बर से चलेगा आदि सेवा पखवाड़ा

## कार्यशाला में कलेक्टर ने दिये जरूरी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 29 अगस्त।** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के आदिवासी बाहुल्य 46 ग्राम पंचायतों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक आदि सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा। इसमें विभागीय अधिकारी -कर्मचारी द्वारा लोगों की समस्या एवं शिकायतों का निरकारण करने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से अभियान के सम्बन्ध में जरूरी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सभी सम्बधित विभाग योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ पहुंचाने मिशन मोड़ में काम करें। फिल्ड में कर्मचारियों की मौजूदगी हो। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करें। स्व सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ें।

बताया गया कि जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 46 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियो का चिन्हांकन कर लिया गया है। इसके साथ ही इन ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव का ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी कराया गया है। अभियान के तहत प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केंद्र स्थापित किये जाएंगे जो शासकीय सेवाओं की प्रदायगी एयर जनभागीदारी को बढ़ावा देने का केंद्र बनेंगे। चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, एनजीओ, स्वयं सेवी संगठन और युवाओं को शामिल किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विकास कार्य तीन स्तर पर क किया जाएगा जिसमें पहला आदि कर्मयोगी तैयार करना है। इसमें प्रशासनिक अमले से जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। दूसरे क्रम में आदि सहयोगियों की टीम बनाई जाएगी।आदि सहयोगी ग्राम स्तर पर कार्य करेंगे जिसमें शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, युवा नेता, सामाजिक मुखिया जैसे व्यक्ति ग्राम के विकास की रूपरेखा व्यक्तिगतमूलक, पारिवारिकमूलक एवं सामुदामूलक अनुसार तैयार करेंगे। तीसरे क्रम पर आदि साथी होंगे जिन्हें योजनाओं का लाभ दिया जाना है।

उल्लेखनीय है कि जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय के द्वारा पिछड़े और जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के कार्य को नई दिशा देने हेतु एक नई पहल की गई है जिसे ÷आदि कर्मयोगी अभियान÷नाम दिया गया है।

कार्यशाला में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ ऑनलाइन जुड़े थे।

# महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट सिहावा में मनाया गया ऋषि पंचमी महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी, 29 अगस्त।** गुरुवार ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर महानदी के उद्गम स्थल सिहावा में पारंपरिक श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ ऋषि पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस स्थल में माता महामाई विराजित है। जनश्रुति के मुताबिक यहां बरसो पहले एक बाबा का आगमन हुआ था जो लोगो को प्राचीन तन्त्र मन्त्र की विधाएं सिखाते थे। जिनका नाम कोई नही जानता था। उनकी लगन शीलता के कारण सिहावा की आराध्य देवी माता भुरसी मावली ने उन्हें गणेश घाट में विधा सीखाने के लिये स्थान प्रदान किया। ऋषि पंचमी मनाने की यह परंपरा बरसो पुरानी है। गुरुवार को कार्यक्रम के शुरुआत में सिहावा गढ़ की देवी देवताओं, ऋषि मुनियों की परम्परानुसार परघोनी, स्वागत सम्मान किया गया। गुरु भाईयो ने क्रम वार होकर गुरु महाराज से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरुभाई व आमन्त्रित जनो ने गुरु आश्रम में पूजा अर्चना कर औघट बाबा व अन्य देवी देवताओं को माथा टेका व प्राचीन ऋषि परम्परा का निर्वहन करते हुए दुर्लभ जड़ी बूटियों का सेवन किया। सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने भी अपनी उपस्थिति प्रदान की।उन्होंने ऋषि पंचमी की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही ऋषि मुनिओ ने दुर्लभ जड़ी बुटीओ की जानकारी प्रदान की है आधुनिक काल मे इसे सहेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में ऋषि पंचमी समिति के अध्यक्ष बलदेव निषाद, ग्राम पटेल राजेश यदु, पुजारी मानसिंह पटेल, प्रीतम पटेल,नेहरू पटेल,संजय सारथी,ज्ञान सागर पटेल,नारायण दास वैष्णव,रामाराव बघेल, हरचंद निषाद ,भरत निर्मलकर, राम सिंह पटेल,दीनदयाल गन्धर्व, ललित निर्मलकर, अमृत साहू,धनंजय साहू,नरेंद्र पटेल, अनिल पटेल,सुनील सिंहसार, रमधर पटेल, राजकुमार निषाद,महेंद्र पटेल, कृष्णा पटेल, कौशल साहू, कौशल पटेल, गोलू निषाद,छोटू पटेल,मन्नू निषाद, राकेश निर्मलकर ,कलम सिंह पवार, सचिन भंसालीनारद निषाद, गगन नाहटा, अंजोर निषाद, सुनील यादव, रवि भट्ट,हनी कश्यप, प्रवीण गुप्ता, सदानंद सिन्हा बल्लू सेन,शेलेन्द्र धेनुसेवक,रिंकू निषाद,केशव पटेल,ऋषभ यदु,पिंकी यदु,रमेश पटेल,लखन साहू,कोशिश निर्मलकर, जीतू यादव,रामगणेश यादव,महेंद्र पटेल सहित अनेक श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में लघु वनोपज संग्राहकों की आजीविका को सशक्त बनाने पर जोर

**बालोद।** जिले में लघु वनोपज संग्राहकों की आजीविका को सशक्त बनाने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आदिमजाति कल्याण विकास विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लघु वनोपज संग्राहकों की आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अवगत कराया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल स्करूटिनी एंड लोकल इंस्टीट्यूशन द्वारा ग्राम स्तर पर महिला स्वसहायता समूहों को सशक्त बनाने तथा उन्हें लघु वनोपज की आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में बनाने चर्चा की गई। इसके लिए स्वयं स्वसहायता समूहों की ट्रेनिंग की बात कही गई। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए समिति गठित की जाएगी। जिसके पश्चात आगामी माह में समूहों की बैठक हेतु कार्ययोजना बनाई जाएगी। कार्यशाला में आजीविकामूलक और सामुदायिक वन संसाधन के संबंध में पावर प्वाईट के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में वनमण्डलाधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री विजय सिंह कंवर सहित राजस्व, वन, आदिम जाति कल्याण, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में महिला कानून,सुरक्षा की जानकारी दी

राजनांदगांव 29 अगस्त। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना डोंगरगढ़ अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूवातला एवं सुकुलदैहान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी विद्या मिश्रा द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 महिलाओं से संबंधित कानून, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताडऩा, गुड टच बैड टच की जानकारी प्रदान की गई। डीएनसी श्री कोमल प्रसाद लहरे बीएनसी श्री प्रवीण कुमार साहू द्वारा किशोरी बालिकाओं को आयरन फोलिक एसिक लेने, बालिकाओं को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। वहीं जिला मिशन समन्वयक श्री किशोर माहेश्वरी द्वारा साईबर अपराध अंतर्गत साईबर ग्रुमिंग, साईबर स्कॉटिंग, सोशल मीडिया की सावधानियां, सोशल मीडिया के माध्यम से यौन शोषण, लैंगिक उत्पीडऩ के प्रति जागरूक किया गया। किसी भी प्रकार की साईबर ठगी के लिए 1930 में तत्काल अपनी शिकायत दर्ज करने कहा गया।

# सीईओ ने मनरेगा, प्रशिक्षण कार्यों का किया निरीक्षण



**बालोद 29 अगस्त।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिले के गुरूर विकास के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण कर मनरेगा एवं राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यों का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम धनेली में मनरेगा एवं भोथली में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान चंद्रवंशी ने बताया कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भोथली में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत भोथली के 35 ग्रामीण और मनरेगा श्रमिक राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। सीईओ चंद्रवंशी ने राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से प्रशिक्षण कार्य की जानकारी भी ली। प्रशिणार्थियों ने बताया कि प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा उन्हें नाप-जोख, ईट चिनाई, फ्लोरिंग, प्लास्टरिंग, लेवलिंग एवं भवन निर्माण की तकनीकी जानकारी दिया जा रहा है। जिससे वह तकनीकी और व्यवाहरिक ज्ञान का समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।

सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत धनेली मे मनरेगा कार्य, मिश्रित वृक्षारोपण, तटबंधान कार्य और ग्राम पंचायत भोथली में आवास निमार्ण कार्य का अवलोकन किया।

### कोचिंग संस्थाओं से 19 तक ऑनलाइन रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**राजनांदगांव 28 अगस्त।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के कक्षा 9वीं, 10वीं 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से 19 सितम्बर 2025 तक ऑनलाईन रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। साथ ही समस्त आवश्यक दस्तावेज को 19 सितम्बर को शाम 5 बजे के पूर्व कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में जमा करना होगा।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड ने किया मुंबई में अरुण छाबड़ा को सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 29 अगस्त।** व्यक्ति से व्यक्तित्व के सफर मे बहुत सारे मुकामों का योगदान होता है रचनात्मकता एवं सृजनशीलता की लंबी फेहरिस्त होती है,भाटापारा मे अरुण बंटी छाबड़ा एक ऐसे ही व्यक्तित्व हैं जिनकी सृजनशीलता एवं रचनात्मकता का लंबा सफर है एवं उनके योगदानों को सम्मान का मंच मिलने की भी व्यापक झलकी है,इसी कड़ी मे विगत दिनों वर्ल्ड रिकॉर्ड आफ एक्सीलेंस इंग्लैंड द्वारा मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि -प्रोफ़ेसर डॉ माधु कृष्ण (अमेरिका) , अतिथि डॉ दिवाकर सूकूल (यु.के) राजेन्द्र डरडा केबिनेट मंत्री महाराष्ट्र द्वारा मानव सेवा समाज सेवा कार्य पर अरूण छाबड़ा बंटी को मानव सेवा समाज सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य पर एक्सीलेंस अवार्ड से मुंबई में संम्मानित किया गया पूर्व में मलेशिया, फ्लोरिडा, एवं 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय संस्थानो से सम्मानित हो चुके हैं ये निस्वार्थ सेवा और सांत्वना के सच्चे बन गये है स्वास्थ्य शिविरो रक्तदान, खेल खुद, सांस्कृतिक, संमर कैंप,नारी शक्ति संमान,कार्यक्रमों और युवा। सशक्तिकरण में उनके अथक प्रयासों से अनगिनत लोगों कै जीवन को छुआ है और एकता देशभक्ति आशा की प्रेरणा दी है गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में भी मानद उपाधि डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में सामाजिक धार्मिक साहित्यिक सेवाओं में लगातार बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले अरुण छाबड़ा (बंटी) ने अपने स्वर्गवासी पिता चैतराम छाबड़ा की स्मृति में एक स्वर्गरथ वाहन शहर को उपलब्ध कराया है। मुंबई में संम्मानित होने पर डॉ. लक्ष्मी कोली नेपाल ,हरपाल सिंह भांमरा दलजीत चावला,नितिन भंसाली जगजीत चावला गुरभेज सिंह टोंनी सचिन मोंनू सलूजा, नीकू सलूजा राजकुमार मल देवेन्द्र भृगु अजयकांत शुक्ला,सुधीर मिश्रा अजय गुप्ता आलोक मोदी, रूपेश मिश्रा,कैलाश बालानी तंजीव अरोरा, अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी त्रिलोक सिंह सलुजा, देवेन्द्र सचदेव, रंजीत अरोरा, कन्हैया सेठी, मंजीत छाबड़ा, सुशील छाबड़ा, लक्की छाबड़ा पुर्वांश छाबड़ा, गुलशन वर्मा सुरज शर्मा, संत सोनी, विक्की सलूजा राजा टुटेजा अमरजीत सलूजा, नरिन्दर सिंह बाली, हरमिन्दर सिंह चावला, रघबीर मक्कड़, इन्द्रजीत सिंह राणा हरभगवान छाबड़ा ने शुभकामनाएं दी है।

# बरबसपुर वित्तीय समावेशन शिविर में लोगों ने उत्साह से लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 अगस्त ।** वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आज बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरबसपुर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर श्रीमती रीनी अजीत ने एक दिवसीय वित्तीय समावेशन शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंकिंग कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंकिंग कार्यों के संबंध में स्थानीय निवासियों, व्यापार प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने विभिन्न बैंकिंग सेवाएं निर्बाध रूप से मिलने के लिए अपने खातों को पुनः केवाईसी कराने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में बकाया खातों के केवाईसी विवरणों के पुनः सत्यापन के महत्व के बारे में बताया। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक एकीकृत योजना 2021 और दावा न की गई जमाराशियों के बारे में जानकारी दी गई। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत बरबसपुर और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं जिला राज्य सहकारी बैंक आदि सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में 115 खातों की पुनः केवाईसी की गई। शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मुनीश शर्मा सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

संपादकीय

## भाषा शालीन होनी चाहिए

राजनीति में अपेक्षा की जाती है कि बड़े नेता की भाषा शालीन व सौम्य होनी चाहिए। उसकी भाषा से न तो विरोधी को लगना चाहिए कि उसका अपमान किया जा रहा है और न ही जनता को लगना चाहिए कि नेता की भाषा अपमान करने वाली है। आजादी के बाद राजनीति में ज्यादातर नेताओं की भाषा शालीन व सौम्य हुआ करती थी। आजादी के बाद के दशकों में कई राजनीतिक दलों के नेताओं की भाषा खराब हुई है। वह सरकार,पार्टी के बजाय सबसे बड़े नेता की व्यक्तिगत आलोचना करते हैं। 2014 के बाद से तो कांग्रेस व भाजपा दो ही राष्ट्रीय दल रह गए हैं। कांग्रेस तीन बार भाजपा व मोदी से लोकसभा चुनाव हार गई है,इससे उसकी धारणा बन गई है कि पीएम मोदी के लोकप्रिय रहते वह नहीं जीत सकती इसलिए उसकी पिछले 11 साल से यही कोशिश है कि पीएम मोदी की व्यक्तिगत आलोचना कर उनकी लोकप्रियता को कम किया जाए। पीएम मोदी की लोकप्रियता को कम करने के लिए कभी चौकीदार चोर है, कभी सरकार सूट बूट की सरकार है,कभी अडानी व अंबानी के जेब भरने वाली सरकार है, कभी पेगासस,कभी हिडनबर्ग,कभी राफेल मामले कांग्रेस उठाती रही है लेकिन इसका देश की जनता पर कोई असर नहीं हुआ है क्योंकि पीएम मोदी अपने काम के लिए देश के लोगों लोकप्रिय हैं। वह भी विपक्ष की आलोचना करते हैं लेकिन वह किसी का नाम लेकर कभी आलोचना नहीं करते हैं, उनकी भाषा में व्यंग्य,कटाक्ष होता है लेकिन भाव किसी का अपमान करने का नहीं होता है। लेकिन राहुल गांधी की भाषा जितना चुनाव वह हारते जाते हैं, उतनी ही कड़वी, अपमान करने वाली होती गई है। बिहार चुनाव के पहले राहुल गांधी वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाकर मोदी की लोकप्रियता को कम करने का प्रयास कर रहे है, इसलिए उनके कार्यकताओं की भाषा भी राहुल गांधी का तरह हो गई है और राहुल गांधी खुश होंगे सोचकर कई नेता पीएम मोदी की आलोचना नहीं अपमान करने लगे हैं, हद तो तब हो गई जब उनकी मां के लिए अपशब्द किए गए। इसकी पूरे देश के लोगों ने निंदा की है। इस तरह के कृत्य को माफ भी नहीं किया जा सकता।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपके प्रतिद्वंद्वी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। किसी वाद विवाद की स्थिति को भी आप अपने विचारों से सामान्य करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपकी किसी बात से आप परिवार के सदस्य नाराज हो सकते है, जिन्हे आप मनाने की पूरी कोशिश करेंगे। नौकरी में आप जल्दबाजी में कोई काम ना करें और आपको किसी बात को लेकर थोड़ा समझदारी दिखानी होगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आने वाला है। वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। परिवार में सदस्यों से छोटी-छोटी बात को लेकर लड़ाई-झगड़े बढ़ सकते हैं। आप टीमवर्क के जरिए काम करके लोगों को हैरान करेंगे। शेयर मार्केट में भी आपकी अच्छी सांठ-गांठ रहेगी, जिससे आपको दूर करने में काफी मदद मिलेगी। किसी वरिष्ठ सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आपकी भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपकी ऊपर उच्च अधिकारियों की कृपा बनी रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे आपके विरोधी भी बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से कोई भी बात गुप्त रखने से बचना होगा। जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं, वह साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपकी कोई अधूरी इच्छा भी पूरी हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप किसी बात को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करके आगे बढ़ना होगा। यदि आप एक बड़ा लक्ष्य पकड़कर चलेंगे, तभी आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने बॉस से कोई भी बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी, क्योंकि इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं और कोई फैसला थोड़ा सोच समझकर लें। संतान को आप यदि कहीं बाहर पढ़ाई के लिए भेजना चाहते हैं, तो उसके लिए भी आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी काम को समय से पूरा न होने से समस्या हो सकती है। आर्थिक मामलों में आप लापरवाही ना दिखाएं। आप जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आप अपने घर में किसी नये इलेक्ट्रॉनिक आइटम की खरीदारी कर सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों का मार्गदर्शन मिलेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए शौक मौज की चीजों की खरीदारी के लिए रहेगा। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, जिससे आपके पेंडिंग काम भी आसानी से पूरे होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियां में ढील बिल्कुल ना दें और आपको यदि कोई पेट संबंधित समस्या चली आ रही है, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने कामों को करने के लिए किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। घर गृहस्थी में चल रही समस्याओं को दूर करेंगे। बिजनेस में आपको कोई बड़ी डील फाइनल होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रॉपर्टी में आपको अच्छे बेनिफिट मिलते दिख रहे हैं। आप यदि ऑनलाइन कोई काम करते हैं, तो उसमें आपके साथ धोखा हो सकता है। परिवार के सदस्यों का आपके कामों में पूरा साथ मिलेगा। आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, जिसमें आपसे गड़बड़ी हो सकती है। आपके किसी परिवार के सदस्य से यदि मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको यदि कोई काम को लेकर टेंशन चल रही थी, तो उसे भी आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आ सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। नौकरी की लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो आप किसी दूसरी जगह अप्लाई करने की सोचेंगे। आप पास पड़ोस में किसी दूसरे के मामले में ना बोलें। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन आपको किसी के प्रति मन में ईर्ष्या की भावना रखने से बचना होगा। आपको अपने काम के प्रति थोड़ा सचेत रहना होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपका सोचा हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी। आपकी किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कुछ रोमांटिक समय बिताएंगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके कामों में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आपका मन कुछ नया करने को करेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने घर किसी पूजा पाठ का आयोजन कर सकते हैं और आपकी सुख-समृद्धि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को भी पढ़ाई-लिखाई में चल रही समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

# जेल से सरकार चलाने के खिलाफ कानून पक्ष-विपक्ष में टकराव के निहितार्थ

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



भारतीय लोकतंत्र में संसदीय प्रक्रियाएँ वह रीढ़ हैं, जो जनता की आवाज को कानून के रूप में ढालती हैं। लेकिन जब विपक्ष, जो लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, इन प्रक्रियाओं से मुँह मोड़ लेता है, तो यह न केवल उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है, बल्कि लोकतंत्र की नींव को भी कमजोर करता है। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, जिसे 'जेल से सरकार नहीं' बिल के नाम से जाना जाता है, आज ऐसा ही एक मुद्दा बन गया है, जो सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी जंग का केंद्र है। यह बिल गंभीर आपराधिक मामलों (5 वर्ष या अधिक सजा वाले) में 30 दिनों से अधिक हिरासत में रहने वाले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, या मंत्रियों को स्वतः पद से हटाने का प्रावधान करता है। संसद के मॉनसून सत्र में पेश होने के बाद इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया, लेकिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), समाजवादी पार्टी (सपा), और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे विपक्षी दलों का जेपीसी से किनारा करना गंभीर सवाल उठाता है। क्या विपक्ष इस बिल के खिलाफ लड़ाई को सड़क तक सीमित रखना चाहता है? क्या संसदीय प्रक्रिया से भागना लोकतंत्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को कमजोर नहीं करता? और सबसे अहम, क्या यह रवैया विपक्ष की रणनीतिक कमजोरी को उजागर करता है? केंद्र सरकार ने इस बिल को भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम बताया है। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इसे पेश करते हुए कहा कि यह जनता की उस भावना को प्रतिबिंबित करता है, जो भ्रष्ट नेताओं को सत्ता में नहीं देखना चाहती। एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे 'नए भारत' का प्रतीक बताया, जहाँ भ्रष्टाचारियों की कोई जगह नहीं होगी। सरकार के आँकड़ों के मुताबिक, 2014 से 2024 तक केंद्रीय जांच एजेंसियों ने 1200 से अधिक नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक मामलों में कार्रवाई की, जिनमें से 60% विपक्षी दलों से थे। यह बिल ऐसे नेताओं को सत्ता से बाहर रखने का दावा करता है। लेकिन विपक्ष इसे केंद्र की एक साजिश के रूप में देखता है। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने इसे 'सुपर-इमरजेंसी' करार देते हुए कहा कि यह बिल विपक्षी नेताओं को जेल भेजकर उनकी सरकारों को अस्थिर करने का हथियार है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे 'लोकतंत्र पर हमला' बताया, जबकि आप नेता संजय सिंह ने इसे 'संवैधानिक हत्या' कहा। विपक्ष का तर्क है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों (सीबीआई, ईडी) का दुरुपयोग पहले से ही विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए हो रहा है। उदाहरण के लिए, 2023-24 में ईडी ने 45 विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की, जबकि सत्तारूढ़ दलों के केवल 8 नेताओं पर निशाना साधा गया। ऐसे में यह बिल विपक्ष के लिए एक 'जाल' बन सकता है।जेपीसी में विपक्षी दलों का बहिष्कार उनके रवैये को और गहराई से विश्लेषित करने की मांग करता है। टीएमसी, सपा, और आप का कहना है कि जेपीसी में एनडीए का बहुमत होने के कारण इसकी कार्यवाही निष्पक्ष नहीं होगी। लेकिन यह तर्क कितना तार्किक है? संसदीय समितियों में सत्तारूढ़ दल का बहुमत होना कोई नई बात नहीं। 2003 में बोफोर्स मामले की जेपीसी हो या 2011 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले की जांच, सत्तारूढ़ दल का दबदबा हमेशा रहा है। फिर भी, विपक्ष ने इन मंचों का उपयोग अपनी बात रखने और जनता को जागरूक करने के लिए किया। जेपीसी से दूरी बनाकर विपक्ष क्या हासिल कर रहा है? पहला, वह सरकार को अपनी मनमानी करने की खुली छूट दे रहा है। अगर जेपीसी में विपक्षी सांसद शामिल नहीं होंगे, तो एनडीए के सांसद बिल के प्रावधानों को और सख्त कर सकते हैं। दूसरा, विपक्ष जनता के बीच यह संदेश दे रहा है कि वह संसदीय प्रक्रिया में विश्वास नहीं रखता। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है, क्योंकि संसदीय समितियाँ जनता की आवाज को कानून में ढालने का एक संवैधानिक मंच हैं।कांग्रेस का रुख इस मामले में अपने सहयोगी दलों से अलग है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस जेपीसी में शामिल होने की पक्षधर है, क्योंकि वह मानती है कि यह मंच बिल के दुरुपयोग को उजागर करने का सबसे प्रभावी तरीका है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हाल ही में एक बयान में कहा कि जेपीसी की कार्यवाही न केवल कानूनी रूप से महत्वपूर्ण होती है, बल्कि यह जनता को सरकार की मंशा से अवगत कराने का भी मौका देती है। लेकिन टीएमसी, सपा, और आप के बहिष्कार ने कांग्रेस को असमंजस में डाल दिया है। इंडिया गठबंधन की एकता इस समय विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती है। अगर कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के दबाव में जेपीसी से बाहर होती है, तो यह गठबंधन की एकजुटता को कमजोर करेगा। विपक्ष का यह रवैया नया नहीं है। इससे पहले भी कई मौकों पर विपक्ष ने औपचारिक प्रक्रियाओं से दूरी बनाई है। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव के बाद ईवीएम में छेड़छाड़ का मुद्दा जोर-शोर से उठा था। मायावती, अखिलेश यादव, और अरविंद केजरीवाल ने बैलेट पेपर की मांग की थी। चुनाव आयोग ने मई 2017 में ईवीएम हैक करने की खुली चुनौती दी, लेकिन कोई भी दल इस चुनौती को स्वीकार नहीं कर सका। एनसीपी और सीपीएम के प्रतिनिधियों ने भी अपनी अक्षमता स्वीकार की।पेगासस जासूसी कांड में भी यही हुआ। विपक्ष ने संसद में हंगामा किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जांच समिति में सक्रिय रूप से शामिल नहीं हुआ। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने 'वोट चोरी' का आरोप लगाया, लेकिन जब चुनाव आयोग ने आपत्ति दर्ज करने को कहा, तो कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इन सभी मामलों में विपक्ष ने सड़क पर विरोध और बयानबाजी को प्राथमिकता दी, लेकिन औपचारिक प्रक्रियाओं से किनारा किया। विपक्ष का यह रवैया कई सवाल खड़े करता है। क्या वह वास्तव में इन मुद्दों पर गंभीर है, या केवल राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कर रहा है? जेपीसी में शामिल होकर विपक्ष बिल के हर प्रावधान की गहन जांच कर सकता है। उदाहरण के लिए, वह यह मांग कर सकता है कि बिल में जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए स्पष्ट प्रावधान हों। वह यह भी सुझा सकता है कि हिरासत की अवधि को 30 दिनों से बढ़ाकर 60 दिन किया जाए, ताकि नेताओं को कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका मिले। लेकिन बहिष्कार करने से वह अपनी आवाज को कमजोर कर रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष का यह रवैया उसकी रणनीतिक कमजोरी को दर्शाता है। सड़क पर विरोध और सोशल मीडिया पर बयानबाजी जनता का ध्यान खींच सकती है, लेकिन यह संसदीय प्रक्रिया का विकल्प नहीं हो सकता। जेपीसी में शामिल होकर विपक्ष न केवल सरकार को कठघरे में खड़ा कर सकता है, बल्कि जनता को यह भी दिखा सकता है कि वह लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।विपक्ष का जेपीसी से दूरी बनाना लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संदेश देता है। संसदीय समितियाँ जनता की आवाज को कानून में ढालने का एक संवैधानिक मंच हैं। अगर विपक्ष इस मंच का उपयोग नहीं करता, तो वह जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो सकता है। जनता यह सवाल पूछेगी कि अगर विपक्ष को अपनी बात पर भरोसा है, तो वह औपचारिक प्रक्रियाओं से क्यों भाग रहा है? कांग्रेस को अपने सहयोगी दलों को यह समझाना होगा कि जेपीसी में शामिल होना न केवल रणनीतिक रूप से सही है, बल्कि यह विपक्षी एकता को भी मजबूत करेगा। टीएमसी, सपा, और आप को यह समझना होगा कि संसद और सड़क पर विरोध एक साथ चल सकता है। जेपीसी में शामिल होकर वे न केवल बिल के दुरुपयोग को उजागर कर सकते हैं, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी दे सकते हैं कि वे लोकतंत्र की हर लड़ाई संवैधानिक तरीके से लड़ने को तैयार हैं।'जेल से सरकार नहीं' बिल निश्चित रूप से एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक हो सकता है, लेकिन इसका दुरुपयोग विपक्षी दलों के लिए खतरा भी बन सकता है। ऐसे में विपक्ष को चाहिए कि वह संसदीय प्रक्रिया में हिस्सा ले, अपनी बात को मजबूती से रखे और जनता को यह दिखाए कि वह लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अगर विपक्ष इस मौके को गंवाता है, तो वह न केवल अपनी विश्वसनीयता खोएगा, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए भी एक बड़ा अवसर गंवा देगा।

# ट्रंप का आर्थिक हथियार '50 पर्सेंट टैरिफ' बनाम मोदी का 'प्लान 40'

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



गोंदिया-वैश्विक व्यापार जगत को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर हिला दिया है। उनके नए टैरिफ़ आदेशों ने भारत समेत कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। ट्रम्प का सीधा संदेश यही है कि अमेरिकी बाज़ार को अब विदेशी उत्पादों से बचाया जाएगा और 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत हर उस देश पर शुल्क लगाया जाएगा, जो अमेरिकी कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा खड़ी करता है।यह विषय बेहद अहम और गहन है क्योंकि इसमें भारत-अमेरिका के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध, मोदी सरकार की रणनीति, आत्मनिर्भर भारत का आत्मविश्वास और अमेरिका की वीज़ा नीति के प्रभाव सब कुछ शामिल है।इस कदम से भारत के आईटी सेक्टर, फ़ार्मा, मैन्युफैक्चरिंग और निर्यातक वर्ग पर दबाव बढ़ गया है। ऐसे समय में भारतीय प्रधानमंत्री ने जो रणनीति तैयार की है,उसे मीडिया और नीति- विश्लेषकों ने "प्लान 40" का नाम दिया है।यह योजना केवल अमेरिका की टैरिफ़ चुनौती का जवाब नहीं बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति को मज़बूत करने का खाका भी है।वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में इस समय ट्रंप का "50 पर्सेंट टैरिफ"और मोदी का "प्लान 40"सबसे चर्चित विषय बन चुका है। 27 अगस्त 2025 से अमेरिका ने भारत पर 50 पर्सेंट का टैरिफ लागू कर दिया है, जिसका सीधा असर भारतीय टेक्सटाइल,फार्मा,ऑटोकंपोनेंट्स और आईटी सर्विसेज़ सेक्टर पर पड़ा है।अमेरिकीराष्ट्रपति ने यह कदम अचानक नहीं उठाया बल्कि पिछले कई महीनों से वे लगातार भारत को चेतावनी दे रहे थे कि अगर भारत अमेरिकी हितों की अनदेखी करेगा तो उसे आर्थिक हथियार का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि भारत को सबक सिखाना आवश्यक है क्योंकि भारत ने रूस के साथ तेल व्यापार जारी रखा और साथ ही यूरोप तथा एशिया में नए बाज़ार खोजकर अमेरिकी दबाव की अनदेखी की।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस टैरिफ का सबसे अधिक असर उन इंडस्ट्रीज़ पर पड़ा है जिनका बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर है। टेक्सटाइल और गारमेंट्स उद्योग,जो अपने निर्यात का लगभग 30 पर्सेंट अमेरिका भेजते हैं, अब मुश्किल में हैं। इसी तरह भारतीय फार्मा इंडस्ट्री, जो जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा सप्लायर है,उसे भी झटका लगा है।भारतीय आईटीकंपनियां और सॉफ्टवेयर इंजीनियर लंबे समय से अमेरिका में सेवाओं के क्षेत्र में नेतृत्व करते रहे हैं, लेकिन टैरिफ और वीज़ा नीतियों ने उनके भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ऑटो और इंजीनियरिंग गुड्स सेक्टर भी इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। साथियों बात अगर हम प्लान 40 को समझने की करें तो, भारत ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए तुरंत रणनीति बनानी शुरू कर दी है। केंद्र सरकार ने प्रभावित सेक्टरों की पहचान की है और उनके लिए क्रेडिट सपोर्ट, टैक्स रिबेट और एक्सपोर्ट सब्सिडी जैसी राहत योजनाएँ तैयार की जा रही हैं। टेक्सटाइल उद्योग के लिए यूरोप, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में नए ग्राहकों की तलाश की जा रही है। फार्मा इंडस्ट्री को रूस, मध्य एशिया और अफ्रीकी देशों में स्वास्थ्य मिशनों के जरिए नए बाजार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आईटी सेक्टर के लिए एशियाई देशों, गल्फ और यूरोप में डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।वहीं ऑटो सेक्टर को "मेक इन इंडिया" और घरेलू ईवी पॉलिसी के जरिए घरेलू बिक्री और उत्पादन बढ़ाने का अवसर दिया जा रहा है।सरकार का स्पष्ट संदेश है कि भारत किसी एकदेश पर निर्भर नहीं रहेगा और निर्यात का दायरा कई गुना विस्तारित किया जाएगा। इस पूरी रणनीति को "प्लान 40" कहा जा रहा हैसरकार का यह प्लान भारत को 40 देशों के साथ नए व्यापारिक गठबंधन औरसमझौते कराने पर आधारित है। इसके अंतर्गत यूरोपियन यूनियन के साथ एफटीए की रफ्तार तेज़ की जा रही है। खाड़ी देशों,विशेषकर यूएई और सऊदी अरब के साथ ऊर्जा और तकनीकी समझौते किए जा रहे हैं।अफ्रीकी महाद्वीप में हेल्थकेयर, फार्मा और टेक्सटाइल मार्केट पर कब्ज़ा जमाने की योजना है। लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों में ऑटो पार्ट्स और इंजीनियरिंग गुड्स का निर्यात बढ़ाया जाएगा। साथ ही रूस और चीन के साथ ऊर्जा और रक्षा व्यापार को और मजबूत किया जाएगा। यानी अमेरिका अगर भारत के लिए दरवाजे बंद करता है तो भारत 40 और दरवाजे खोलकर अपने लिए नए रास्ते बनाएगा। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिस्थितियों को हमारे मिशन आत्मनिर्भर भारत के प्रभाव की करें तो,भारत का आत्मविश्वास इस बार पहले से कहीं अधिक है क्योंकि 2019 के बाद से भारत ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के जरिए अपनी इंडस्ट्रीज़ को मजबूत किया है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं को लागू किया गया, एमएसएमई सेक्टर को प्रोत्साहन मिला और स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया गया। सरकार का मानना है कि टैरिफ हमें चुनौती ज़रूर देंगे लेकिन यही चुनौती हमें स्वदेशी उत्पादन और नए बाजार पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर भी प्रदान करेगी।पीएम ने हाल ही में अपने संबोधन में कहा कि भारत किसी के टैरिफ से नहीं डरता, हम आत्मनिर्भर हैं और दुनियाँ को भारत पर निर्भर रहना होगा। साथियों बात अगर हम अमेरिका की एच1बी वीज़ा नीति को भी सख्त करने की योजना की करें तो अमेरिका ने केवल टैरिफ लगाकर ही भारत को चुनौती नहीं दी बल्कि उसने वैकल्पिक प्लान के तहत एच 1बी वीज़ा नीति को भी सख्त करने की योजना बनाई है। नई शर्तों के अनुसार अब केवल वही लोग एच1बी वीज़ा प्राप्त कर सकेंगे जो अमेरिका में कम से कम 50 लाख डॉलर का निवेश करेंगे। इसका सीधा असर भारतीय आईटी इंजीनियरों, छात्रों और पेशेवरों पर पड़ेगा। भारत से हर साल लाखों युवा अमेरिका जाते हैं लेकिन अब उनके लिए यह रास्ता लगभग बंद हो गया है। हालांकि इस संबंध में मेरा मानना है कि अमेरिका यूं ही एच1बी वीजा नहीं देता वह भारतीय उच्च टैलेंट को आकर्षित करने के लिए एच1बी वीजा शुरू किया है हम जानते हैं कि भारतीय टैलेंट की अमेरिका में बहुत खास जरूरत है। मेरा तर्क है कि वहां टैलेंट की कमी है और इसलिए उच्चस्तर क़े टैलेंट की सबसे अधिक जरूरत है,एक रिपोर्ट के अनुसार एच1बी वीज़ा वाले हाईस्किल्ड भारतीय होते हैं, अमेरिकन कर्मचारियों से कहीं ज्यादा सैलरी एच1बी वीजा वालों को मिलती है,वहां एच1बी वीजा वालों को एवरेज 108000 अमेरिकन डॉलर मिलते हैं,लेकिन अमेरिकी निवासियों को 45760 अमेरिकन डॉलर मिलते हैं,अगर हाईस्किल्ड टैलेंट की जरूरत अमेरिका को नहीं होती तो क्यों इतनी ज्यादा सैलरी देकर वे भारतीयों को बुलाते? लेकिन अब निवेश की शर्त स्पष्ट रूप से यह दिखाती है कि यह भारत पर राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति है। साथियों बात अगर हम इन कदमों से भारत- अमेरिका रिश्तों पर गहरा असर पढ़ने की करें तो,पहले से ही रूस-भारतसंबंधों को लेकर अमेरिका असहज था, और अब टैरिफ व वीज़ा पॉलिसी ने दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है।भारत ने अमेरिका पर निर्भरता घटाने का ऐलान किया है, वहीं अमेरिका ने भारतीय कंपनियों पर टैरिफ और वीज़ा का बोझ डाल दिया है। इसके जवाब में भारत ने 40 देशों के साथ नए व्यापारिक गठबंधन शुरू किए हैं। साफ है कि आने वाले समय में भारत- अमेरिका रिश्ते सहयोग और टकराव के मिश्रण से गुजरेंगे। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आज का भारत 1991 वाला भारत नहीं है। उस समय भारत आईएमफ पर निर्भर था लेकिन आज भारत दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ट्रंप का 50 पर्सेंट टैरिफ भारत को चुनौती देगा लेकिन भारत ने "प्लान 40" के जरिए यह संदेश दिया है कि भारत झुकेगा नहीं बल्कि विकल्प तलाशेगा। अमेरिका चाहे एच1बी वीज़ा सख्त करे या टैरिफ बढ़ाए, भारत आत्मनिर्भरता और वैश्विक साझेदारी के जरिए आगे बढ़ेगा। यह पूरा घटनाक्रम यह साबित करता है कि वैश्विक राजनीति अब केवल ताक़तवर देशों के इर्द-गिर्द नहीं घूमती बल्कि भारत जैसे उभरते देशों की रणनीति भी भविष्य तय करती है।

## 31 को अनमोल सिनेमा पर 'पुष्पा 2' का प्रीमियर

"फायर नहीं... वाइल्डफायर है!" इस साल की सबसे धमाकेदार मास एंटरटेनर 'पुष्पा 2 : द रूल' अब अनमोल सिनेमा के दर्शकों को अपने रंग में रंगने को तैयार है। रविवार, 31 अगस्त शाम 7 बजे जब स्क्रीन पर पुष्पा की एंट्री होगी, तब हर गली और हर घर में गूंजेगी एक ही आवाज़, पुष्पा राज। छोटे कस्बों से लेकर बड़े शहरों तक, पुष्पा का स्वैग, उसका ठाठ और उसके गानों की धुन आज लोगों की धड़कन बन चुके हैं। बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ने वाली ये ब्लॉकबस्टर अब आ रही है आपके घर, आपके टीवी पर। सुकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने बड़े पर्दे पर ऐसा तूफान लाया जिसे दर्शक कभी भूल नहीं पाएंगे। अल्लू अर्जुन का यह दमदार अवतार लोगों के दिलों में बसा है। जब उनकी आवाज़ गूंजती है, तो रगों में जोश दौड़ पड़ता है — 'पुष्पा नाम सुनकर फ्लावर समझे क्या?' और जब 'किस्सिक' गाने पर उनके डांस मूव्स स्क्रीन पर धूम मचाते हैं, तो दर्शक खुद को थिरकने से रोक ही नहीं पाते। उनके साथ रश्मिका मंदाना की मोहक अदाएं और फहाद फासिल की दमदार मौजूदगी फिल्म को और ज्यादा रोमांचक बना देती है। 'पुष्पा 2' महज एक फिल्म नहीं, यह एक जुनून है, एक तूफान है जिसने भारत के कोने-कोने में लोगों को




दीवाना बना दिया है। यह हर गांव, हर कस्बे और हर शहर की आवाज है, जिसने भाषा और इलाकों की सारी सीमाएं तोड़ दी हैं। अब यह फिल्म अनमोल सिनेमा पर वही जादू फिर से बिखेरने आ रही है। यह फिल्म पूरी फैमिली के लिए है-जिसमें एक्शन है, रोमांच है, जज़्बात हैं और संगीत है, यानी हर स्वाद का तड़का एक ही थाली में! फिल्म के प्रीमियर के बारे में बात करते हुए रश्मिका मंदाना कहती हैं, "श्रीवल्ली का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है, क्योंकि उसमें एक शांत ताकत और गहराई है। पुष्पा 2 में वो पहले से कहीं ज़्यादा मुखर होती है — वो अब सिर्फ साथ निभाने वाली पत्नी नहीं है, बल्कि जब वक़्त आता है, तो डटकर साथ खड़ी होती है। एक सीन में वो पुष्पा के लिए आवाज़ उठाती है, और वह पल न सिर्फ़ उनके रिश्ते का प्रतीक है, बल्कि उनकी अपनी सोच और हिम्मत का भी। यह बदलाव दिखाना मेरे लिए बहुत ही सशक्त और सच्चा अनुभव रहा।"फ़िल्म के निर्देशक सुकुमार कहते हैं, "सिनेमा लोगों से कई स्तरों पर जुड़ता है, और टेलीविज़न उस अनुभव को उनके सबसे निजी स्पेस यानी घर तक लेकर आता है। यह फिल्म मेरे दिल के बेहद क़रीब है, जिसका हर फ्रेम, जज़्बात, प्यार और जुनून से बुना गया है।

## सू-दोकू-154

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | | 6 | |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | | 7 | 8 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भरा जाना है।
3. बाएं से दाएं, और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## एक नजर

### बस्तर सांसद ने भुवनेश्वर से दूरभाष पर ली दंतेवाड़ा में बाढ़ की जानकारी



**दंतेवाड़ा 29 अगस्त।** बस्तर सांसद महेश कश्यप विगत दो दिनों से रेलवे की बैठक में शामिल होने हेतु भुवनेस्वर प्रवास पर है, सांसद महेश कश्यप लगातार दूरभाष के माध्यम से दंतेवाड़ा जिले में आए भीषण बाढ़ की स्थिति का जायजा ले रहे है उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति व राहत कार्यों के बारे में चर्चा किया व राहत कार्य में पूरी मुस्तैदी एवं मानवता के साथ गति लाने हेतु निर्देशित किया। बस्तर सांसद महेश कश्यप लगातार दूरभाष के माध्यम से जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर स्थिति का जायजा ले रहे है और हर यथासंभव मदद हेतु प्रत्येक पीड़ितों तक पहुँचने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित कर रहे है।

### बाढ़ पीड़ितों को उनके हाल पर छोड़ गुजरात रवाना हो गई नपा अध्यक्ष : तुलिका



**दंतेवाड़ा 29 अगस्त।** बीते 26 अगस्त को बस्तर अंचल में आई भयंकर बाढ़ बारिश से दंतेवाड़ा जिले की जनता को भारी क्षति पहुंची है। पूरे अंचल में त्राहिमाम मची हुई है। बाढ़ में सैकड़ों लोग बघेर हो गए। राहत शिविरों में लोग रहने को विवश हैं। जीवन भर की पूंजी लोगों की बाढ़ में बह गई। पीड़ितों के सामने रोजी रोटी और मकान की विकराल समस्या सामने आ खड़ी हुई है। ऐसे बुरे वक्त में जब नगर की जनता को अपने चुने हुए जनप्रतिनिधियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता थी तब लोगों की सेवा करना छोड़ उनके आंसू पोछना छोड़ नगर की प्रथम महिला का दर्जा प्राप्त नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता स्वच्छता की अलख जगाने की पाठशाला ज्वाईन करने गुजरात राज्य को कूच कर गई। उनका ऐसा कृत्य बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और शर्मनाक है। उक्त सवाल महिला कांग्रेस की ग्रामीण अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने खड़े किए हैं। उन्होने कहा कि बाढ़ आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित वार्ड क्रमांक 4, 5, 2 एवं 11 नंबर वार्ड के लोग हुए हैं जो शंखनी डंकिनी नदी तट पर अपना मकान बनाकर निवासरत थे। ऐसे सैकड़ों गरीब परिवार का घर सामान सब कुछ बाढ़ में बह गया लोग सड़कों पर आ गए।

### पेयजल क्लोरिनेशन एवं हेल्थ चेकअप टीमें पहुंची बारसूर



**दंतेवाड़ा, 29 अगस्त।** जिले में विगत दिवस हुए अतिवृष्टि आपदा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं पीएचडी विभाग की टीमों को अलग-अलग क्षेत्र में भेजा जा रहा है। इस क्रम में राहत शिविर बारसूर में हेल्थ चेकअप टीम में पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा उन्होंने लोगों से अपील किया कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोग जल जनीत रोगों उल्टी, आदि से बचने के लिए पानी उबाल कर ही पिएं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में मच्छरों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। अतः सभी मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी, मच्छर अगरबत्ती इत्यादि आवश्यक तैयारी करें। इसके साथ ही लोगों को आवश्यक दवाइयां तथा क्लोरिनेशन पाउडर वितरित किए गए। इसके अलावा पेयजल स्रोतों में भी क्लोरिनेशन किया जा रहा है। इसके अलावा दंतेवाड़ा के वार्ड क्रमांक -9 एवं वार्ड क्रमांक-10 में पेयजल आपूर्ति किया गया।

# विधायक ने बाढ़ पीड़ितों से की मुलाकात

## कपड़े, कंबल एवं राशन सामग्री बांटी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 29 अगस्त।** बस्तर संभाग में बीते दिनों ही भारी बारिश से दंतेवाड़ा में अति वर्षा के कारण बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई गाँव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं और लोग राहत शिविर में रहने को मजबूर हैं। विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी बारसूर,हितामेटा,मांडेर नाला, समलूर, बिन्जाम, बोदली, सियानार,बड़े तुमनार, बांगापाल, पुंद्री के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे एवं पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद प्रदाय करने की बात कही तत्पश्चात राहत शिविर पहुँचे और निरिक्षण कर मुलभुत सुविधाएं तत्काल प्रदाय किये जाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया,विधायक चैतराम अटामी ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं हालचाल जाना।

विधायक चैतराम अटामी ने कल भी जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गाँवों का दौरा किया था। उन्होंने वहाँ की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासन को राहत एवं सुरक्षा व्यवस्था में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

भारी बारिश से जब दंतेश्वरी मंदिर के आसपास का क्षेत्र व हारम ग्राम जब पूरी तरह टापू में तब्दील हो गया था, उस वक्त सुबह से देर रात तक विधायक चैतराम अटामी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर वासियों व ग्रामीणों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों तक पहुँचाया।विधायक चैतराम अटामी ने राहत शिविर में ठहरे ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और किसी भी पीड़ित को असुविधा नहीं होने दी जाएगी।देर शाम विधायक चैतराम अटामी ने शनि मंदिर जिला अस्पताल रोड पहुंचकर नगरपालिका दंतेवाड़ा क्षेत्र के प्रभावित विभिन्न वार्डों के नगरवासियों से मुलाकात कर हालचाल जाना एवं कंबल, कपडे व राशन सामग्री वितरित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुडामि,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के बाद आवागमन बहाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 29 अगस्त।** हाल ही में हुई लगातार बारिश से जिले की कई मुख्य सड़कों को क्षति पहुँची थी, जिससे आमजन को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए सड़कों की मरम्मत शुरू कर दी।

प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों का चिन्हांकन कर गड्ढों को भरवाया गया और आवागमन को सुचारु बनाया गया। प्रमुख मार्गों में जगदलपुर-दंतेवाड़ा मार्ग, कोडेनार-लोहंडीगुड़ा मार्ग सहित अन्य रास्तों की मरम्मत कर यातायात बहाल किया गया है। इसी क्रम में लोहंडीगुड़ा से मांदर-आंजर मार्ग को भी सुधार कर लोगों के लिए सुगम बना दिया गया है। सबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ और बारिश से क्षतिग्रस्त अन्य मार्गों को भी प्राथमिकता से ठीक किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों और आम नागरिकों को यातायात में किसी भी तरह की समस्या न हो।

## विधायक ने किया राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोण्डागांव 29 अगस्त।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने आज स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता 28 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें राज्य के रायपुर, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के लगभग 570 खिलाड़ी फुटबाल, तीरंदाजी और मलखंभ खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। कार्यक्रम में विधायक उसेण्डी ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। इस दौरान खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उसेण्डी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए खेल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के खिलाड़ी तीरंदाजी और मलखंभ जैसे खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर नई पहचान बना रहे हैं। उसेंडी ने विश्वास जताया कि क्षेत्र के खिलाड़ी अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर जिले और क्षेत्र का नाम, प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेले में 6600 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**जगदलपुर, 29 अगस्त।** रायपुर, छत्तीसगढ़ रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 और 10 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में 33 से अधिक निजी (प्राइवेट) कंपनियाँ 6605 पदों पर भर्ती करेंगी। इस रोजगार मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को रोजगार विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है।

केवल वही उम्मीदवार भाग ले पाएंगे जिन्होंने पोर्टल पर आवेदन किया है। यदि आप पहले से रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं हैं, तो पोर्टल पर दिए गए नहीं विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद, मोबाइल पर आए ओटीपी के जरिए अपना नाम और जिला भरकर सत्यापन करें। आपको एक आईडी और पासवर्ड मिलेगा, जिसे पहली बार लॉग इन करने के बाद बदलना जरूरी होगा। लॉग इन करने के बाद अपनी प्रोफ़ाइल पूरी करें और अपनी योग्यता के अनुसार रिक्तियों का चयन कर आवेदन जमा करें।

## बच्चों को खेल-खेल में बताए गए पोषण के लाभ



**जशपुरनगर, 29 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना बगीचा में रजत महोत्सव कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, महिला सुरक्षा महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित गतिविधि का आयोजन शासकीय कन्या छात्रावास बगीचा के प्रांगण में किया गया। जिसमें महिला और बच्चों को सोशल मीडिया की सावधानियों, बाल विवाह की रोकथाम, गुड़ टच बैड टच, साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

बाल विकास परियोजना जशपुर के सेक्टर जशपुर में रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सेक्टर स्तर पर खेल-खेल में पोषण ज्ञान प्राप्त करने वाली गतिविधियों का आयोजन कार्यकर्ताओं के द्वारा कराया गया। इस गतिविधि में खाद्य पदार्थ में कौन सी विटामिन और कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं, इसके संबंध में बहुत ही रोचक तरीके से बताया गया। उन्हें इसकी जानकारी अपने आस पास के लोगों को भी बताने को कहा गया। एकीकृत बाल विकास परियोजना बागबहार के सेक्टर सुरंगपानी के आंगनबाड़ी केन्द्र बुलडेगा में आंगनबाड़ी स्तरीय छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित हुई।

## दंडाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर 29 अगस्त।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना गंगालूर के क्षेत्रांतर्गत घटना 06 अगस्त 2025 को ग्राम लेण्ड्रा इतावर के जंगल पहाड़ में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड की घटना घटित हुई है।

जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला।

शव के पास से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी साहित्य, दवाई बरामद किया गया है। इस घटना के संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 11 सितम्बर 2025 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकतें हैं।

## दंतेवाड़ा जिले में फसल क्षति का आकलन प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 29 अगस्त।** विगत दो दिनों से दंतेवाड़ा जिले में हुई लगातार असामान्य एवं भारी वर्षा (200 मि.मी. से अधिक) ने जिले के कई गाँवों और कृषि क्षेत्रों को प्रभावित कर दिया है। अचानक हुई इस अतिवृष्टि से खेतों में पानी भराव, मिट्टी खिसकने, एवं रेत भर जाने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो गई, जिससे यहाँ के किसानों को आंशिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने तुरंत स्थिति का संज्ञान लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया है। यदि फसल पर प्रभाव की बात की जाए तो धान की फसल (मुख्य खरीफ फसल) वर्तमान में अधिकांश खेतों में धान की रोपाई एवं बुआई पूरी हो चुकी है। अभी तक धान की अवस्था ऐसी है कि अत्यधिक वर्षा का व्यापक नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि यदि पानी लंबे समय तक ठहरा रहा तो जड़ सड़न और पौधों के गिरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कृषि क्षेत्र में क्षति आकलन की प्रक्रिया के तहत कृषि विभाग की मैदानी टीमों को तुरंत प्रभावित राजस्व ग्रामों में भेजा गया है। ग्रामवार सर्वे सूची तैयार की जा रही है, जिसमें प्रभावित किसानों के नाम, आधार नंबर व फसल का विवरण शामिल किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 31 तक विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा, 29 अगस्त।** मेजर ध्यानचंद की जयंती (29 अगस्त) को पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2019 में इसी दिन प्रधानमंत्री जी द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया गया था। इसी तारतम्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रव्यापी स्तर पर विविध खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में जिले में भी 29 से 31 अगस्त तक संलग्न मार्गदर्शिका के अनुसार खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का प्रभावी और गरिमामयी आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। जारी कार्यक्रम अनुसार 29 अगस्त को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह की सभा में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करने, फिट इंडिया शपथ तथा 60 मिनट की खेल गतिविधियों से होगी। इसी दिन संसद खेल महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ सांसद दुर्ग संभाग विजय बघेल के करकमलों से संबंधित संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के मुख्यालयों में किया जाएगा। 30 अगस्त कों विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, फिटनेस टॉक और स्थानीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## पोषण जागरूकता के लिए जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ



**सारंगढ़, 29 अगस्त।** जिले में शिशु स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर उन्होंने शिशु को पूरक खुराक देकर माताओं को बच्चों की नियमित देखभाल और पौष्टिक आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एफआर. निराला ने बताया कि जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी और सब-सेंटरों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शिशुओं को विटामिन-ए की खुराक, सिरप, टीकाकरण के साथ ही पोषण आहार की जांच और पूरक आहार देने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा गया है ताकि वे घर-घर जाकर माताओं को जागरूक करें और उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों तक शिशु को लाने के लिए प्रेरित करें। शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 30 सितंबर तक चलेगा।

## लोहांडीगुड़ा ब्लॉक में बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 29 अगस्त।** लोहांडीगुड़ा ब्लॉक में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक संगठनों ने भी राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। ब्लॉक में 5 जगहों पर राहत शिविर आयोजित किए गए हैं, जहाँ लगभग 250 लोगों के लिए दोनों समय भोजन की व्यवस्था की गई है।बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जनप्रतिनिधियों ने भी आगे आकर योगदान दिया है। चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल ने 50 परिवारों को बर्तन वितरित किए, वहीं सांसद श्री महेश कश्यप ने कपड़ा और खाद्य सामग्री बांटी। कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, रुकने की व्यवस्था, कपड़ा वितरण और स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए कपड़ा दान कार्यक्रम आयोजित कर प्रभावितों को वितरण करने की पहल की । इसके अलावा चैंबर ऑफकॉमर्स एवं रोटरी क्लब ने भी जरूरतमंदों के बीच कपड़े वितरित कर राहत कार्यों में सहयोग दिया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि सभी प्रभावितों को आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं और किसी को भी परेशानी न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावितों का हुई क्षति का राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर आर्थिक सहायता राशि वितरण राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा ।

# महेंद्र कर्मा फाउंडेशन ने बाढ़ प्रभावितों को साड़ी एवं ब्लेंकेट बांटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 29 अगस्त।** दक्षिण बस्तर जिले में बीते मंगलवार को आई आसमानी आफत के चलते शंखनी डंकिनी नदी तट पर रहने वाले सैकड़ों गरीब परिवार बेघर हो गए हैं। नदी तट के 100 मीटर के दायरे में जिनका भी घर मकान था करीब करीब उन सभी लोगों का मकान बाढ़ की चपेट में आकर बह गया है। जिसके बाद से प्रभावितों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में बाढ़ से सबसे ज्यादा वार्ड नंबर 2, 4, 5, एवं 11 के लोग प्रभावित हुए हैं। वार्ड नंबर 11 सिविल लाईन वार्ड में नदी तट पर घर बनाकर रहने वाले करीब 24 गरीब परिवारों का मकान भी बाढ़ में बह गया है। इन सभी प्रभावितों को प्रशासन ने इंडोर स्टेडियम के सामने बने काम्पलेक्स में रूकवाया है। नाश्ता भोजन की व्यवस्था भी प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। बावजूद कई प्रकार की समस्याओं से बाढ़ प्रभावित परिवारों को जूझना पड़ रहा है। बुधवार देर शाम शहीद महेंद्र कर्मा फाउण्डेशन के सदस्य आंचल कर्मा, वर्षा कर्मा, तन्मय कर्मा, देवेश सोरी, कायना मौर्य, भावया आलम एवं रोहन कर्मा ने बीती रात अलग अलग वाडों में जाकर बाढ़ प्रभावितों से मिलकर उनका हाल चाल जाना और समस्याओं के बारे में पुछा तो पीड़ितों ने रोते हुए अपना हाल बताया कि किस तरह से उनका घर समेत सारा सामान नदी के उफान में बहकर चला गया। जीवन की सारी कमाई पूंजी एक झटके में ही बर्बाद हो गया। बाढ़ प्रभावितों का दुख दर्द सुनने-समझने के बाद महेंद्र कर्मा फाउण्डेशन के सदस्यों ने उन्हें ढांढस बंधवाते हुए उनके साथ इस दुख की घड़ी में साथ होने एवं हर संभव मदद करने की बात कही। शहीद महेंद्र कर्मा फाउण्डेशन की ओर से सभी पीड़ित परिवारों को साड़ी एवं ओढने के लिए ब्लेंकेट भी वितरण किया गया। फाउण्डेशन के सदस्यों ने कहा कि आप लोगों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है हम आपके साथ हैं। शासन प्रशासन से हम आपके पुर्नवास के लिए मांग करेंगे और आप लोगों को जमीन समेत मकान बनाकर देने के लिए भी प्रशासन के सामने मांग रखेंगे। बाढ़ पीड़ितों ने महेंद्र कर्मा फाउण्डेशन के सदस्यों को मदद करने के लिए तथा इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े होने के लिए हाथ जोड़कर उन्हें धन्यवाद कहा।

## बाढ़ प्रभावितों को प्रशासन ने बांटी राहत सामग्री

## जनपद अध्यक्ष ने भी किया सहयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 29 अगस्त।** गुरूवार को दंतेवाड़ा के बाढ़ प्रभावितों को प्रशासन ने उन्हें जरूरत की सामाग्री बांटी और उनके दुख को कम करने की कोशिश की। इस काम में जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष जय भानुशाली, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन का साथ दिया।

गौरतलब है कि बीते मंगलवार को बस्तर अंचल में हुई भीषण बारिश के बाद नदियों में आई बाढ़ से सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से लोगों के घर मकान तबाह हो गए। कईयों के घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घरों में पानी भर जाने से लोगों का सामान भी पूरी तरह से खराब हो गया है। ऐसे में अब लोगों को प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का ही साथ व सहारा मिल रहा है। प्रशासन राहत शिविर लगाकर प्रभावितों की हर संभव मदद करने की कोशिश में लगी है। वहीं जनप्रतिनिधगण भी प्रशासन का सहयोग करते हुए राहत सामग्री वितरण करने में पूरी सहयोग कर रहे हैं। गुरूवार को प्रभावित गांव बालपेट एवं वार्ड नंबर 9 में बसाहट वाले चूडिटिकरापारा के प्रभावितों को राहत सामग्री बांटी गई। जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर ने बताया कि बालपेट गांव में करीब 65 परिवारों को राहत शिवर में रखा गया है जिनका मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं चूडिटिकरापारा में भी 150 से 200 घरों को नुकसान पहुंचा है। प्रशासन की ओर से पीडितों को भोजन एवं नाश्ता सुबह शाम उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# बीमारी से जीवन फंसा संकट में, सीएम साय ने सहायता के लिए बढ़ाया हाथ



**जशपुरनगर 29 अगस्त।** परिवार के किसी एक सदस्य के गंभीर बीमारी के चपेट में आ जाने से पूरा परिवार संकट में आ जाता है। ऐसी विकट परिस्थिति में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना उपचार में सहयोग बनता है। इसके तहत हितग्राहियो को 5 लाख तक के निशुल्क उपचार की सुविधा सरकारी और पंजीकृत निजी अस्पतालों में मिलती है। लेकिन ज़ब गंभीर बीमारी के उपचार और सर्जरी का खर्च आयुष्मान योजना की सीमा से अधिक हो जाए तो क्या होगा? कहां से आएगा इलाज के लिए लाखों रुपये? संकट की ऐसी घड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विपत्ती में फंसे ऐसे परिवारों की सहायता के लिए फिर हाथ बढ़ाया। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के अंतर्गत जिले के 72 मरीजों को उपचार के 2 करोड़ 85 लाख रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। इस योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि संबंधित अस्पताल के बैंक खाते में चेक या एनईएफटी के माध्यम से सीधे ट्रांसफर कर दी जाती है। इस राशि से लाभार्थी कैंसर,बोनमेरो ट्रांसफर,किडनी ट्रांसप्लांट जैसे महंगे उपचार बड़े अस्पतालों में करा सके। समय पर आर्थिक सहायता मिल जाने से न केवल मरीजों का जीवन सुरक्षित हो पाया अपितु परिवार को भी बड़ी राहत मिली। इस सहायता के लिए मरीज और उसका परिवार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जता रहा है।

### इस तरह प्राप्त करें सहायता

सीएमएचओ डॉ जी एस जात्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए एक निर्धारित आवेदन फ़ार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा करना होता है। यह आवेदन पत्र सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। इसके आवेदन के साथ मरीज का आधार कार्ड,बीमारी से संबंधित चिकित्सकीय दस्तावेज,जिस अस्पताल में उपचार कराना चाहते हैं वहाँ का प्राकलन रिपोर्ट (स्टीमेट) संलग्न करना होता है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहा है सुधार

उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार और सुधार की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। जिले में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की घोषणा होने के साथ इसके लिए बजट भी सरकार जारी कर चुकी है।

जमीन चयन होने के साथ कॉलेज शुरू करने की कवायद चल रही है। अस्पतालों में भौतिक और मानव संसाधन जुटाया जा रहा है।

# रामलला दर्शन योजना आस्था, संस्कृति और सामाजिक चेतना का संगम



**जशपुरनगर 29 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रारंभ की गई श्री रामलला दर्शन योजना न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों को अयोध्या में स्थित भगवान श्री रामलला के दर्शन का सुअवसर प्रदान करना है। योजना की औपचारिक शुरुआत 5 मार्च 2024 को रायपुर से हुई थी, जब मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं पहली ट्रेन को रवाना किया था।जशपुर जिले में योजना प्रारंभ से अब तक 1632 रामभक्तों ने अयोध्या जाकर भगवान श्री राम का दर्शन लाभ ले चुके हैं। जिसमें जनपद पंचायत क्षेत्र जशपुर से 134 जनपद पंचायत क्षेत्र मनोरा से 95, जनपद पंचायत क्षेत्र बगीचा से 168, नगर पालिका क्षेत्र जशपुर से 83, नगर पंचायत क्षेत्र बगीचा से 58, जनपद पंचायत क्षेत्र कुनकुरी से 172, जनपद पंचायत क्षेत्र दुलदुला से 110, जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार से 179, नगर पंचायत क्षेत्र कुनकुरी से 109, जनपद पंचायत क्षेत्र पत्थलगांव से 220, जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल से 165 नगर पालिका क्षेत्र पत्थलगांव से 82 और नगर पंचायत क्षेत्र कोतबा से 57 रामभक्त अयोध्या में भगवान श्री राम का दर्शन कर चुके हैं। रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलता है, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहती है।छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है, यहां के लोग उन्हें भांचा राम के नाम से भी जानते हैं। भगवान श्री राम के प्रति आस्था प्रदेश के कण कण पर व्याप्त है। अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन के बाद लोग अपने आप को धन्य महसूस करते हैं। दर्शन के बाद रामभक्तों के चेहरे पर झलकती संतुष्टि और आत्मिक खुशी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उनकी सरकार के प्रति कृतज्ञता का भाव उनमें साफ झलकता है।

## भालू के हमले से ग्रामीण घायल



**बलरामपुर**-रामानुजगंज 10 मिनट तक भालुओं से बचने का प्रयास करता रहा ग्रामीण, हमले में गंभीर रूप से हुआ घायल बलरामपुर रामानुजगंज आज सुबह 6 बजे के करीब ग्राम पस्ता के तुरिया पारा में रहने वाले ग्रामीण जैसे ही घर से बाहर निकले इसी दौरान पहले से वहां मौजूद दो भालू के बच्चे एवं एक मादा भालू के द्वारा ग्रामीण पर बुरी तरह से हमला कर दिया। जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण के चिल्लाने के बाद आसपास से काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। इसके बाद भालू को भगाया गया। स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल घायल ग्रामीण को जिला चिकित्सालय बलरामपुर भेजा गया।

## एक नजर

### 12 सितंबर को रोजगार मेला 2000 पदों पर होगी भर्ती

**महासमुंद, 29 अगस्त ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, महासमुंद द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 सितम्बर 2025 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक होगा।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग, बीमा एजेंट, बीमा सखी, बैंक एजेंट, ग्रामीण बैंक मित्र, बैंक रिलेशनशिप मैनेजर, टेक्नीशियन, इलेक्ट्रिकल फिटर सहित विभिन्न पदों के लिए लगभग 2000 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन 7 हजार से 32 हजार रुपए तक प्रदान किया जाएगा। इन पदों के लिए 8वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.ई. एवं एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे। इच्छुक आवेदकों को क्तक्र कोड के माध्यम से आवेदन करना होगा एवं निर्धारित तिथि को मेला स्थल पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति साथ लेकर आएं।

### सीएससी केंद्रों पर श्रमिक पंजीयन शुल्क से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

**महासमुंद 29 अगस्त ।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में श्रमिकों के पंजीयन व योजना आवेदन के लिए विभाग द्वारा अनुमोदित शुल्क से अधिक राशि वसूल किया जा रहा हैं। निर्धारित शुल्क के अनुसार श्रमिक पंजीयन हेतु 30 रुपए तथा योजना आवेदन हेतु 20 रुपए निर्धारित है। इसके बावजूद कुछ सीएससी संचालकों द्वारा पंजीयन/आवेदन योजना करने के लिए श्रमिकों से 1000 से 1500 रुपए तक लिया जा रहा है।श्रम पदाधिकारी ने निर्देशानुसार जिले के सभी सीएससी केंद्रों पर शुल्क संबंधी सूचना अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने और श्रमिकों से केवल निर्धारित राशि लिए जाने निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित राशि से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध यथोचित जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय वन महोत्सव में शामिल हुए केदार कश्यप और विधायक किरण देव

**जगदलपुर, 29 अगस्त ।** वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश, देश का अक्सीजोन के रूप में जाना जाता है।यहाँ प्रकृति ने बहुत ही अधिक वनों की मात्रा का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि वनों से आच्छादित इस बस्तर क्षेत्र में जन्म लेने का अवसर मिला, क्षेत्र के वनों को हमारे पूर्वजों ने सांस्कृतिक, प्राकृतिक धरोहर के रूप संरक्षित किया है । इस वनों से वनोपज, वनों के खाने योग्य फल का लाभ इन क्षेत्र में निवास करने वाले लोग ही अनुभव करते हैं इसलिए इनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही आगामी पीढ़ी को भी इसके संबंध में जानकारी दी जानी है। वन मंत्री श्री कश्यप बुधवार को आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जामावाडा में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे ।कार्यक्रम में विधायक श्री किरण सिंह देव ने कहा कि वन विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में लगभग तीन करोड़ 75लाख पौधे-पेड़ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए है । जलवायु परिवर्तन और विकास की आवश्यकता के बीच हमें अपने आसपास के क्षेत्र में वनों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। बस्तर जैसे वनों से भरपूर क्षेत्र में कुछ वर्षों पहले कुलर, एसी की जरूरत नहीं पड़ती थी, ऐसे वनों को संरक्षित करना भी आवश्यक है। साथ ही माँ के नाम पर पेड़ लगाने की पहल करे और पेड़ को संरक्षित भी करें। इस कार्यक्रम में सिंदूर, कपूर, रुद्राक्ष जैसे पेड़ों का रोपण किया गया, इसका संरक्षण स्कूल के छात्रों द्वारा किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर सभी को एक पेड़ का रोपण अपने घरों में जरूर करना चाहिए।

### कश्यप ने किया 3 करोड़ 74 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**जगदलपुर, 29 अगस्त।** वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज बस्तर विकासखंड के ग्राम सुधापाल में आयोजित एक कार्यक्रम में 3 करोड़ 74 लाख रूपए के 6 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में सुधापाल और आसपास के गांवों में होने वाले विभिन्न निर्माण कार्य शामिल हैं। इनमें लोक निर्माण विभाग के तहत पाथरी से सुधापाल मार्ग पर पुल-पुलिया सहित 2.55 किमी सड़क का निर्माण भी शामिल है, जिसकी लागत 2 करोड़ 87 लाख रूपए हैं। इसके अलावा डीएमएफ मद से 3 लाख 30 हजार रूपए की लागत से आमाडोंगरीपारा स्कूल मार्ग में बलियाराम मंडवी के घर के पास डेढ़ मीटर पुलिया निर्माण, 21 लाख 59 हजार रूपए की लागत से नारायणपाल में उच्च प्राथमिक शाला का नवीन भवन, 21 लाख 59 हजार रूपए की लागत से गुनपुर में उच्च प्राथमिक शाला के नवीन भवन का निर्माण, 20 लाख 30 हजार रूपए की लागत से जाटनापाल में प्राथमिक शाला के नवीन भवन और 20 लाख 30 हजार रूपए की लागत से रतेंगा में प्राथमिक शाला के नवीन भवन का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा कि ये विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज बस्तर के इस पवित्र भूमि पर 3 करोड़ 74 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

## समाचार संक्षेप

### गौ तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पिछले 10 वर्षों से गौ तस्करी में लगातार संलग्न आरोपी संगीत मधुकर उर्फ़ टेटे निवासी ग्राम पथर्रा वर्तमान भिलाई तीन को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दुर्ग द्वारा 3 माह के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा 3(2) के तहत 3 माह के लिए निवारक निरोध का आदेश पारित किया गया है मिली जानकारी के अनुसार संगीत मधुकर के खिलाफ 18 अपराधिक मामले हैं। ज्यादातर मामले मारपीट और पशु तस्करी से संबंधित है आरोपी संगीत मधुकर के खिलाफ जुलाई 2025 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही करने के लिए पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था। जिला दंडाधिकारी ने दिए आदेश के परिपालन में संगीत मधुकर को गिरफ्तार कर मेडिकल करा कर जेल दाखिल किया गया है जानिए क्या है राष्ट्रीय सुरक्षा कानून, जिसे हृस्र या रासुका भी कहते हैं 1980 का एक भारतीय निवारक निरोध कानून है, जो केंद्र और राज्य सरकारों को राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति को बाधित करने से रोकने के लिए किसी व्यक्ति को निवारक निरोध में रखने की शक्ति देता है इस कानून के तहत, किसी व्यक्ति को बिना आरोप के 12 महीने तक हिरासत में रखा जा सकता है।

### पीएम जनमन आवास से दृष्टिहीन पहाड़ी कोरवा परिवार का बदला जीवन



**बलरामपुर, 29 अगस्त ।** प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का लाभ पहाड़ी कोरवा समुदाय के सभी पात्र और जरूरतमंद तबकों तक पहुँच रहा है। जिले के विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोविंदपुर के निवासी दृष्टिहीन श्री कृष्णा पहाड़ी कोरवा जो कभी मिट्टी के जर्जर घर में टपकती छत के नीचे रहने को मजबूर परिवार, पक्का आवास से लाभान्वित हुए हैं और आज पक्के घर की दीवारों के बीच सुरक्षित नींद सो पा रहे हैं। लंबे समय तक जर्जर कच्चे घर में जीवन बिताने के बाद अब उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षित जीवन मिला है। कृष्णा पहाड़ी कोरवा बचपन से ही दृष्टिहीन हैं। गौर करने वाली बात है कि उनकी पत्नी और बच्ची भी दृष्टिहीन है। ऐसे में गरीबी और अशक्तता के साथ जीवन गुजारना कितना कठिन होता रहा होगा। रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजें भी कितना बड़ा संघर्ष बन जाती है। पहले उनका परिवार मिट्टी से बने छोटे से कच्चे घर में रहता था। बरसात में टपकती छत, गर्मी में तपिश और सर्दी में ठंडक मौसम अनुरूप परिस्थितियां असहनीय हो जाती थी। लेकिन अब प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत मिला पक्का घर उनके जीवन में सुरक्षा लेकर आया है।

# एमबीबीएस के छात्र ने की आत्महत्या

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले स्थित डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में एक MBBS स्टूडेंट ने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद पूरे कॉलेज में सनसनी फैल गई है. मृतक छात्र को देर रात करीब उसके रूममेट ने फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद उसने तत्काल अन्य छात्रों को बुलाकर उसे फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के मुताबिक, छात्र का नाम ज्ञानेंद्र मिश्रा है और वह कानपुर से हाल ही में जगदलपुर जिले के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने आया था और स्बक्र प्रथम वर्ष का छात्र था. मृतक छात्र कॉलेज के हॉस्टल में ही रहता था. लेकिन अचानक ज्ञानेंद्र ने फंदे पर लटकर कर अपनी जान दे दी.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मृतक छात्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. मृतक के परिजनों को पुलिस ने घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वे रायपुर के लिए रवाना हो गए हैं. लेकिन स्बक्र छात्र ने आखिर आत्महत्या क्यों की, इसका कारण अब तक पता नहीं चल सका है। छात्र ने पढ़ाई के दबाव में आकर सुसाइड किया या किसी निजी कारण से यह कदम उठाया, फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है. छात्र के मोबाइल फोन, नोटबुक खंगालकर पुलिस आत्महत्या के कारण को जानने की कोशिश में जुटी हुई है.

# बड़ी मात्रा में पकड़ाई अवैध शराब



**कवर्धा, 29 अगस्त।** कबीरधाम जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर बड़ी कार्रवाई की है. आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देश और कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई 29 अगस्त की सुबह की गई. जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के विशेष निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में कुल 03 प्रकरण दर्ज किए गए.कार्रवाई के दौरान 105 बल्क लीटर महुआ शराब (कीमत लगभग 10,500 रुपये) जब्त की गई, वहीं 840 किलोग्राम महुआ लाहन (कीमत लगभग 42,000 रुपये) मौके पर नष्ट किया गया। ग्राम सरोधा निवासी जयता राम मेरावी के मकान से 15 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया और न्यायिक रिमांड की कार्रवाई की जा रही है. इसी गांव के एक अन्य आरोपी शौकी राम के घर से भी 15 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद हुई, हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गया.इसके अलावा ग्राम सरोधा के नाले किनारे से लावारिस हालत में 75 बल्क लीटर महुआ शराब और 840 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ. इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है.यह पूरी कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज कुमार राठौर के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक अभिनव रायजादा, गीता साहू, रामानंद दीवान एवं आरक्षक कमल मेश्राम, इम्तियाज खान और अन्य स्टाफ की सक्रिय भागीदारी से संपन्न हुई।

# भोजन की तलाश में पोल्ट्री फार्म में घुसा हाथी तो गांव में रहा दहशत का माहौल



**रायगढ़, 29 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीती रात भोजन की तलाश में एक दंतैल हाथी जंगल से सीधा पोल्ट्री फार्म में पहुंच गया। जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, धर्मजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले ऐडू गांव में बीती रात उस समय दहशत का माहौल निर्मित हो गया। जब एक दंतैल हाथी अचानक पोल्ट्री फार्म की ओर पहुंच गया और तिरपाल को खींचने लगा। अचानक इतने बड़े हाथी को सामने देख कर कई लोग डर गए। वहीं, कुछ लोगों ने सायरन बजाना शुरू कर दिया। जिससे हाथी वहां से चला गया, तब लोगों ने राहत की सांस ली।ग्रामीणों ने बताया कि लगातार जंगल से भटककर हाथी गांव के नजदीक पहुंच रहे हैं। जिससे हर समय डर बना रहता है। हालांकि, हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम हाथियों पर नजर बनाये हुए हैं। बताया जा रहा है की पोल्ट्री फार्म में घुसा हाथी अभी साजाखार जंगल में विचरण कर रहा है।

# निगम ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाया



**कोरबा, 29 अगस्त।** कोरबा में नगर निगम और राजस्व विभाग ने सरकारी जमीन पर किए अवैध कब्जे पर कार्रवाई की। जहां बुलडोजर चलाया गया। मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत के दादर से लगे डिपरापारा मुख्य मार्ग पर जमीन दलालों ने सरकारी जमीन को कई लोगों को बेच दिया। आरोप है कि लगभग 3 एकड़ जमीन को इस तरह से बेचा गया है।

बताया जा रहा है कि लगभग 19 कब्जाधारियों को नगर निगम और राजस्व विभाग के द्वारा नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद नगर निगम और राजस्व विभाग के संयुक्त टीम पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करने पहुंची। जहां 10 लोगों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया गया। वहीं, 9 लोगों को दो दिनों का मोहलत दी गई है।बताया जा रहा है कि मानिकपुर डिपरापारा में प्रशासन ने सरकारी जमीन में करीब 1 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे कर करोड़ों रुपए में बेचने की शिकायत कोरबा कलेक्टर से की गई थी।

# उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की सूची जारी,काउंसिलिंग 30 व 31 अगस्त को

**कांकेर 29 अगस्त।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान 'मावा मोदोल' में चयन परीक्षा 17 अगस्त को आयोजित की गई थी, जिसमें मेरिट के आधार पर उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं की काउंसिलिंग 30 एवं 31 अगस्त को मावा मोदोल केन्द्र कचहरी प्रांगण में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्रस्तावित है। चयनित छात्रों की सूची जिले की किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के छात्र-छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए इच्छुक विद्यार्थियों हेतु प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग संस्थानों जिला मुख्यालय कांकेर में प्रारंभ किया गया है। इसमें छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग टेस्ट एवं मेरिट बच्चों का काउंसिलिंग के माध्यम से चयन किया जाएगा। स्क्रीनिंग टेस्ट में जिले से कुल 1474 छात्र सम्मिलित हुए हैं। परीक्षा हेतु विषय विशेषज्ञों के द्वारा 120 प्रश्न प्रत्येक प्रश्न 02 अंक के आधार पर प्रश्न पत्र तैयार किया गया था। परीक्षा पूर्णांक 240 अंक स्क्रीनिंग टेस्ट व 10 अंक काउंसिलिंग हेतु रखा गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में सीजीपीएससी, व्यापम, रेल्वे, बैंक व अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जाएगी तथा नया बैच 01 सितम्बर से प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में मावा मोदोल में 300 अतिरिक्त सीट की वृद्धि की जा रही है, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। सीजीपीएससी एवं व्यापमं परीक्षा की तैयारी हेतु अलग से नवीन बैच प्रारंभ किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने बिखेरी शास्त्रीय नृत्य से लेकर लोक कलाओं की सतरंगी छटा

# छत्तीसगढ़ के कलाकारों के नाम रहा चक्रधर समारोह का दूसरा दिन





**रायगढ़, 29 अगस्त।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। लोकगीत, लोकनृत्य और शास्त्रीय संगीत में दर्शकगण छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की अनूठी छटा में सराबोर हो गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नर्तक-नर्तकियों ने परंपरागत वेशभूषा में क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत कर दिया। इसके बाद लोकगायकों ने पारंपरिक गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पंडाल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। शास्त्रीय और लोक संगीत के मेल से सजी प्रस्तुतियों ने समारोह में विशेष रंग भर दिया। दर्शक देर रात तक कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद लेते रहे और हर प्रस्तुति पर उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

चक्रधर समारोह में आज की प्रस्तुति में रायगढ़ की कलाकार श्रीमती पूजा जैन कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसी तरह समारोह की अगली कड़ी में सुश्री राजनंदिनी पटनायक रायगढ़ द्वारा ओडिशी, श्रीमती प्रियंका सलूजा बिलासपुर द्वारा कथक, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी के सुनील मानिकपुरी द्वारा लोकगीत कर्मा गायन, डॉ.राखी रॉय भिलाई द्वारा भरतनाटयम एवं दिल्ली के पंडित उदय कुमार मल्लिक हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन पर अपनी प्रस्तुति दिए। रायगढ़ की पूजा जैन ने कथक नृत्य से बांधा समांरायगढ़ की सुविख्यात कथक नृत्यांगना पूजा जैन और उनकी टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत पंचदेव वंदना से हुई। इसके पश्चात उन्होंने जयपुर घराने के तोड़े-टुकड़े, लखनऊ घराने का तराना और ठुमरी प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ताल और लय की सुंदर संगति के साथ मंच पर सजीव हुई उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शक दीर्घा में तालियों की गडग़ड़ाहट गूंजा दी। पूजा जैन के साथ मंच पर उनकी टीम की प्रतिभाशाली सदस्याएँ कु. सौम्या साहू, कु.पाव्या श्रीवास्तव, कु.आसिता वर्मा और कु.वंशिका पात्रा भी शामिल रहीं, जिन्होंने अपने सधे हुए भाव और नृत्य कौशल से प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना दिया।

पूजा जैन ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी कला का परचम लहराया है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतिभा पुरस्कार 2020, नृत्याविष्कार पुरस्कार 2020, राष्ट्रीय एकल नृत्य प्रतियोगिता 2020 में प्रथम स्थान तथा अखिल भारतीय नृत्य नाटक एवं संगीत समारोह 2020 में प्रथम स्थान जैसे प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा भी उन्होंने अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

रायगढ़ की प्रतिभाशाली नृत्यांगना सुश्री राजनंदिनी पटनायक ने अपनी साथी पूनम गुप्ता के साथ मिलकर ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। दर्शकदीर्घा में बैठे श्रोताओं ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका अभिनंदन करते हुए उत्साहवर्धन किया। राजनंदिनी पटनायक ने मात्र तीन वर्ष की उम्र से ओडिसी नृत्य का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। अपनी लगन और साधना के बल पर उन्होंने अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। वे वर्ष 2019-20 में सीसीआरटी स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाली छत्तीसगढ़ की पहली ओडिसी नृत्यांगना बनीं। इसके अतिरिक्त उन्हें पंडित सुंदरलाल शर्मा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने भिलाई स्टील प्लांट नृत्य प्रतियोगिता में कई बार प्रथम स्थान हासिल किया है। बनारस यूनिवर्सिटी वाराणसी में आयोजित कृष्ण प्रिय महोत्सव में प्रथम स्थान हासिल करने पर उन्हें स्वर्ण मयूर सम्मान से भी सम्मानित किया गया है।बिलासपुर से आई प्रख्यात कथक नृत्यांगना श्रीमती प्रियंका सलूजा ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके नृत्य की भाव-भंगिमाएँ, लय-ताल की सटीकता और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने कार्यक्रम में उपस्थित हर व्यक्ति का मन मोह लिया।

एक नजर

## सिनर लगातार 5वीं बार यूएस ओपन के तीसरे राउंड में



### पॉप्योरिन को सीधे सेटों में हराया

**नई दिल्ली, 29 अगस्त।** वर्ल्ड नंबर-1 और मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर स ओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। सिनर की यह ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर लगातार 23वीं जीत है। अमेरिका के बेन शेल्टन ने भी मेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं, ईगा स्वियातेक, नाओमी ओसाका और कोको गॉफ भी विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में पहुंच गई हैं।

सिनर तीसरे राउंड में डेनिस से भिड़ेंगे सिनर ने दूसरे राउंड में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पॉप्योरिन को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। अगले राउंड में उनका सामना कनाडाई खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव से होगा। सिनर और डेनिस की एकमात्र भिड़ंत 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन में हुई थी। इस मुकाबले में शापोवालोव ने पांच सेट में सिनर को शिकस्त दी थी।

स्वियातेक भी तीसरे राउंड मे पहुंची वर्ल्ड नंबर-3 ईगा स्वियातेक ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में पहुंच गई हैं। उन्होंने दूसरे दौर में नीदरलैंड की सजान लैमेंस को 6-1, 4-6, 6-4 से मात दी। पहले सेट में स्वियातेक ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन दूसरे सेट में कुछ नर्वसनेस और अनफोर्स्ड एरर्स की वजह से लैमेंस ने मैच को ड्रामा में बदल दिया। तीसरे सेट में स्वियातेक ने वापसी की और जीत दर्ज की।

अमेरिका की कोको गॉफ ने डोना वेकिच को हराकर स ओपन 2025 के तीसरे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ गॉफ लगातार चौथे साल स ओपन के तीसरे दौर में पहुंची हैं। 2023 की चैंपियन का अगला मुकाबला 28वीं सीड मैग्डेलेना फ्रेच से होगा।

# बिलासपुर में सांसद खेल महोत्सव-25 का आगाज

## युवाओं और और खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

**बिलासपुर, 27 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू ने बिलासपुर के बी.आर. यादव अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम, बहतराई में 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का शुभारंभ किया और महोत्सव के पंजीयन पोर्टल का भी लोकार्पण किया। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित इस आयोजन को राज्यमंत्री ने खेलों का महाकुंभ बताते हुए कहा कि यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे मूल्यों को संजोने वाला विराट मंच है।



शुभारंभ अवसर पर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और खिलाड़ियों, कोचों तथा खेल संघों को शुभकामनाएं दी गईं। महोत्सव का पंजीयन 20 सितंबर 2025 तक जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ और ऊर्जावान युवा ही विकसित भारत की नींव रख सकता है और यह महोत्सव स्थानीय खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का सुनहरा अवसर है। महोत्सव में फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, क्रिकेट और मलखंब जैसे पारंपरिक व आधुनिक खेलों को शामिल किया गया है। महिलाओं और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, ताकि कोई भी प्रतिभा पीछे न छूटे।

महोत्सव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें हर गांव और हर गली का खिलाड़ी ओपन प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखा सकेगा। आयोजन में 'नमो फिट इंडिया लीडर' का चयन कर खेल को प्रोत्साहित करने वाले युवाओं को विशेष पहचान दी जाएगी। वहीं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप, नकद पुरस्कार, खेल सामग्री और प्रोफेशनल कोचिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सुर्यवंशी, महापौर वाणी राव, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी और जिला महामंत्री एस. मनहर सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, खेल विभाग और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

## राष्ट्रीय खेल दिवस : केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने युवाओं के साथ मैराथन में लिया हिस्सा

**बिलासपुर, 29 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज सुबह सीएमडी चौक, बिलासपुर खेलमय वातावरण से गूंज उठा। यहां आयोजित ऑल इंडिया मैराथन में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू ने शिरकत कर युवाओं और खेल प्रेमियों का उत्साह देखा और उनके साथ कदम से कदम मिलाया। हजारों प्रतिभागियों की मौजूदगी में आयोजित इस दौड़ ने न केवल खेलों के महत्व को उजागर किया, बल्कि स्वस्थ और ऊर्जावान समाज के निर्माण का संदेश भी दिया।

मैराथन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खेल केवल शारीरिक फिटनेस का साधन नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम स्पिरिट विकसित करने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' अभियान को जन-जन तक पहुंचाना ही आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

मैराथन में युवाओं, खिलाड़ियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को और प्रेरणादायी बना दिया।



खिलाड़ियों का उत्साह देखते हुए मंत्री श्री साहू ने कहा कि बिलासपुर खेल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से नई पहचान बना रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल को सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

मैराथन के दौरान सुबह से ही शहर की सड़कों पर ऊर्जा और जोश का माहौल देखने को मिला। प्रतिभागियों ने फिटनेस और एकता का संदेश दिया। आयोजन समिति का मानना है कि इस तरह के आयोजन युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

## नीरज ने डायमंड लीग फाइनल में लगातार तीसरा सिल्वर जीता

**ज्यूरिख, 29 अगस्त।** स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर के लेट्जिगरुंड स्टेडियम में गुरुवार को हुए फाइनल में जर्मनी के जूलियन वेबर ने शानदार 91.51 मीटर का थ्रो कर गोल्ड जीता। वहीं, त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने 84.95 मीटर के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। नीरज ने पहले प्रयास में 84.35 मीटर थ्रो किया। इसके बाद दूसरा थ्रो 82 मीटर रहा। इसके बाद उन्होंने लगातार तीन बार फाउल किया। आखिर में नीरज ने 85.01 मीटर का थ्रो किया और दूसरे नंबर पर रहे। इससे



पहले नीरज तीन साल पहले, यानी 2022 में इसी स्टेडियम में डायमंड लीग के फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे। वहीं, 2023 और 2024 में उन्हें उपविजेता बनकर ही संतोष करना पड़ा था। मौजूदा सीजन में उन्होंने 7 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिनमें 4 बार जीत दर्ज की और तीन बार उपविजेता रहे हैं। मैच के बाद नीरज ने अपने प्रदर्शन पर कहा, 'आज का दिन थोड़ा मुश्किल था। खेल में हमेशा कुछ कठिन दिन आते हैं, और आज ऐसा ही था। फिर भी, मैंने आखिरी थ्रो में 85 मीटर से ज्यादा की दूरी हासिल की। आज मेरा रन-अप और टाइमिंग सही नहीं थी। मुझे कुछ कमी महसूस हुई, लेकिन विश्व चैंपियनशिप के लिए अभी तीन हफ्ते बाकी हैं। मैं अपनी टाइमिंग को बेहतर करने की पूरी कोशिश करूंगा।'

## रोहित का 13 सितंबर को बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट

### यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी देना होगा

**नई दिल्ली, 29 अगस्त।** टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा का 13 सितंबर को बेंगलुरु में BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) में फिटनेस टेस्ट होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई के इस स्टार खिलाड़ी को यो-यो टेस्ट के अलावा ब्रोंको टेस्ट से भी देना होगा। वह दो-तीन दिन तक ष्टशश्व में रहेंगे। इस दौरान रोहित नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की तैयारी के लिए यहीं प्रैक्टिस करेंगे। 11 से 15 सितंबर तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड-1 पर दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इसलिए रोहित का फिटनेस टेस्ट सेंटर के एक अलग मैदान पर होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित और विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे की



तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ वनडे सीरीज में खेल सकते हैं। इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच सितंबर-अक्टूबर में वनडे सीरीज खेली जाएगी। मुकाबले 30 सितंबर, 3 और 5 अक्टूबर को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। वहीं भारतीय सीनियर टीम अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। जहां 19 अक्टूबर को पर्थ में पहला वनडे खेला जाएगा। रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। इसके बाद 7 मई को रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। 38 साल के रोहित मार्च से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच 9 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला। इसमें उन्होंने 83 गेंदों पर 76 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। रोहित फिलहल, अपने करीबी दोस्त और भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के BKC स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे हैं।



## वैश्विक अनिश्चितता के बीच आरबीआई का तरलता प्रबंधन रहेगा सक्रिय:गवर्नर

**नई दिल्ली, 29 अगस्त।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी उचित जगह बनाने के प्रयासों के बीच, मौद्रिक नीति से परे विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत नीतिगत ढांचे इसकी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम आगामी डेटा और विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता के विकास के आधार पर एक सुविधाजनक मौद्रिक नीति प्रदान करने में सक्रिय बने रहेंगे।उन्होंने आरबीआई के लेटेस्ट बुलेटिन में कहा कि हमेशा की तरह, हमारे पास एक स्पष्ट, सुसंगत और विश्वसनीय संचार होगा, जो इस कार्य के लिए आवश्यक कार्रवाइयों द्वारा समर्थित होगा।

उन्होंने कहा, आगे बढ़ते हुए, रिजर्व बैंक अपने लिक्विडिटी मैनेजमेंट में चुस्त और लचीला बना रहेगा। हम बैंकिंग सिस्टम में पर्याप्त लिक्विडिटी बनाए रखने का प्रयास करेंगे ताकि अर्थव्यवस्था की



उत्पादक आवश्यकताएं पूरी हो सकें और मुद्रा बाजारों और ऋण बाजारों में ट्रांसमिशन सुचारू रहे।

**अनुकूल मुद्रास्फीति अनुमान**

अनुकूल वर्षा और तापमान की स्थिति खरीफ कृषि मौसम के लिए शुभ संकेत हैं। वास्तविक ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ग्रामीण मांग को बढ़ावा दे सकती है। आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है, सुगम वित्तीय स्थिति, ब्याज दरों में कटौती का निरंतर प्रसार, सहायक राजकोषीय उपायों और बढ़ते घरेलू आशावाद के साथ, समग्र मांग को बनाए रखने के लिए माहौल अनुकूल है।

दूसरी ओर, भारत-अमेरिका व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताएं लगातार नकारात्मक जोखिम पैदा कर रही हैं।÷निकट भविष्य के लिए मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान पहले के अनुमान से अधिक अनुकूल हो गया है। अनुकूल आधार प्रभावों द्वारा समर्थित खाद्य कीमतों के दबाव में कमी से प्रेरित मुख्य मुद्रास्फीति, वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में धीरे-धीरे बढ़ने से पहले, दूसरी तिमाही में 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे आने की संभावना है।

**ग्रामीण मांग में सुधार की उम्मीद**

रिजर्व बैंक बुलेटिन में जोर देकर कहा गया है, ÷कुल मिलाकर, इस वर्ष औसत मुख्य मुद्रास्फीति लक्ष्य से काफी नीचे रहने की उम्मीद है। आगे चलकर, मौद्रिक नीति आने वाले आंकड़ों और विकसित हो रहे घरेलू विकास-मुद्रास्फीति गतिशीलता पर कड़ी नजर रखेगी ताकि उचित मौद्रिक नीति मार्ग तैयार किया जा सके।÷रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्तीय स्थितियां अनुकूल और घरेलू आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायक बनी रहीं। इसमें आगे कहा गया है कि एसएंडपी द्वारा भारत की सॉवरेन रेटिंग में सुधार, भविष्य में पूंजी प्रवाह और सॉवरेन यील्ड के लिए अच्छा संकेत है।

## यूएस टैरिफ से हुए नुकसान को भारतीय कपड़ा और परिधान उद्योग कर सकते हैं कम

**नई दिल्ली, 29 अगस्त।** अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से भारतीय कपड़ा और परिधान उद्योग के बड़े स्तर पर प्रभावित होने की संभावना है, लेकिन देश मुद्रा मूल्यह्रास और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और मध्य पूर्व में निर्यात बढ़ा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई।

केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) और घरेलू वस्त्र उत्पादों के निर्यात में होने वाली हानि की भरपाई सूती धागे और कपड़े के निर्यात में वृद्धि से होने की संभावना है, क्योंकि प्रतिस्पर्धी देशों में इन उत्पादों में बैकवर्ड्स इंटीग्रेशन की कमी है।

सरकार ने 31 दिसंबर, 2025 तक कपास पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क हटा दिया है। इसके अतिरिक्त, 40 देशों तक अपने समर्पित आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से निर्यात बाजारों के विस्तार के साथ-साथ निर्यात प्रोत्साहन और ब्याज सब्सिडी के रूप में सरकार से समर्थन, भारतीय कपड़ा निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता और लाभप्रदता को बढ़ावा दे सकता है।

भारतीय कपड़ा और परिधान उद्योग का आकार 160-170 अरब डॉलर का है, जिसमें घरेलू उद्योग का योगदान 78-80 प्रतिशत है। 2024 में भारत का कपड़ा और परिधान निर्यात



35 अरब डॉलर का था, जिसमें रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) और घरेलू वस्त्रों का लगभग 63 प्रतिशत का बड़ा हिस्सा था।अमेरिका भारतीय कपड़ा और परिधान उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है, जिसका कुल निर्यात में 28-29 प्रतिशत हिस्सा है, जो 2024 में लगभग 10.5 अरब डॉलर था।

रिपोर्ट में कहा गया है, ÷अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के बाद, भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में लागत में भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कुछ ऑर्डर अपेक्षाकृत कम टैरिफ वाले प्रतिस्पर्धी देशों की ओर स्थानांतरित हो सकते हैं।÷

2025 में भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यात में मामूली गिरावट आने की उम्मीद है, लेकिन टैरिफ दरों में तेज वृद्धि के बाद 2026 में अमेरिका को निर्यात में बड़ी गिरावट आने की उम्मीद है, जिससे कुल कपड़ा निर्यात 9-10 प्रतिशत घटकर 30 अरब डॉलर रह सकता है।2025 में भारतीय कपड़ा निर्यात में कोई खास गिरावट आने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि कुछ अमेरिकी खरीदारों ने 27 अगस्त को टैरिफ वृद्धि से पहले ही भारत से अपने शिपमेंट पहले ही भेज दिए थे।निर्यात में अपेक्षित गिरावट की भरपाई भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कारण यूके को निर्यात में वृद्धि से होने की संभावना है।

भारत-यूके एफटीए भारत के आरएमजी और होम टेक्सटाइल क्षेत्रों के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आया है, जो लगभग 23 अरब अमेरिकी डॉलर के यूके आयात बाजार तक पहुंचने के लिए प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों के साथ समान अवसर प्रदान करता है। केयरएज रेटिंग्स के सहायक निदेशक अक्षय मोरबिया ने कहा, भारत के कपड़ा निर्यात में कैलेंडर वर्ष 2026 में 9-10 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद है। राजस्व में संभावित कमी और आंशिक टैरिफ अवशोषण के साथ, भारतीय आरएमजी और होम टेक्सटाइल निर्यातकों के पीबीआईएलटी मार्जिन में 300-500 आधार अंकों की गिरावट आने की उम्मीद है।

### एमेज़ॉन पर हुई त्योहारों की तैयारी

**नई दिल्ली, 29 अगस्त।** एमेज़ॉन ने आगामी त्योहारों से पहले अपने ऑपरेशंस नेटवर्क में जबरदस्त विस्तार किया है। कंपनी ने 12 नए फुलफिलमेंट सेंटर शुरू किए हैं और 6 फुलफिलमेंट सेंटर्स का विस्तार किया है। इस विस्तार के बाद एमेज़ॉन के पास 8.6 मिलियन क्यूबिक फीट की बढ़ती स्टोरेज क्षमता हो गई है, जो ओलम्पिक आकार के 100 स्विमिंग पूल्स के बराबर है। इस विस्तार के साथ हुगली, तिरुवल्लूर, कृष्णागिरी, विशाखपट्नम और हुबली में पहली बार एमेज़ॉन का फुलफिलमेंट सेंटर खुला है। कंपनी ने छः नए सॉर्ट सेंटर हुबली, त्रिवेंद्रम, राजपुरा, गोरखपुर, मुरादाबाद और प्रयागराज में शुरू किए हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 5 लाख वर्गफीट से अधिक है। इससे पहले एमेज़ॉन ने इस साल जून में 5 फुलफिलमेंट सेंटर और 30 से अधिक लास्ट माईल डिलीवरी स्टेशन शुरू किए थे, जिससे भारत के सबसे आधुनिक ई-कॉमर्स नेटवर्क्स में से एक के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई थी।

## रिलायंस की एजीएम पर छाया संकट!

### अमेरिकी टैरिफ और रूसी तेल डील ने बढ़ाई टेंशन

**नई दिल्ली, 29 अगस्त।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सालाना आम बैठक (AGM) हमेशा से भारतीय निवेशकों और शेयर बाजार के लिए बड़ा दिन रही है। हर साल निवेशक कंपनी की नई योजनाओं, बड़े ऐलानों और चेयरमैन मुकेश अंबानी के भाषण का इंतजार करते हैं। लेकिन इस बार फोकस सिर्फ भविष्य की योजनाओं पर नहीं बल्कि मौजूदा हालात पर भी रहेगा। अमेरिका ने हाल ही में भारत पर डबल टैरिफ लगाया है, यह कदम सस्ते रूसी तेल आयात को लेकर उठाया गया। रिलायंस ने रूस



की रोसनेफ्ट कंपनी के साथ लंबी अवधि का तेल खरीद समझौता किया है। इस डील से कंपनी को इस साल सैकड़ों मिलियन डॉलर की बचत हुई है। लेकिन अब कंपनी दोराहे पर है। अगर रूसी तेल छोड़ती है तो मुनाफे का बड़ा मौका गंवाएगी, और अगर जारी रखती है तो अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा रहेगा। यूरोपीय संघ ने जुलाई में नायरा एनर्जी को ब्लैकलिस्ट किया था, जो रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के पास ही एक रिफाइनरी चलाती है। इससे वहां वित्तीय और लॉजिस्टिक दिक्कतें बढ़ गईं। यही डर अब रिलायंस पर भी मंडरा रहा है।

जानकारों का कहना है कि मुकेश अंबानी का भाषण रूस पर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहेगा। वे डिजिटल कारोबार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई ऊर्जा परियोजनाओं पर फोकस करेंगे। रिलायंस ने हाल के सालों में अपने कारोबार का बड़ा हिस्सा टेलीकॉम, रिटेल और ग्रीन एनर्जी की ओर मोड़ा है। कंपनी का जियो टेलीकॉम बिज़नेस भारत में मोबाइल और इंटरनेट की तस्वीर बदल चुका है। आज रिलायंस देश की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी भी है और गुजरात में ग्रीन एनर्जी के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब खड़ा कर रही है।

## जीएसटी रिफॉर्म्स के प्रस्तावों ने भारतीय शेयर बाजार को संकट से बचाया: क्रिस वुड

**नई दिल्ली, 29 अगस्त।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) में रिफॉर्म्स के प्रस्तावों ने अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ के खतरे के बीच भारतीय शेयर बाजारों को तेज गिरावट से बचाने में मददगार साबित हुआ। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज के ग्लोबल इक्विटी स्ट्रेटजी हेड Chris Wood ने अपने हालिया निवेश नोट 'GREED & fear' में यह बात ही।

वुड ने अपनी इंडिया लॉन्ग-ओनली इक्विटी पोर्टफोलियो से आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट का निवेश हटा दिया है और इसे महिंद्रा एंड महिंद्रा में बदल दिया है। वुड ने कहा, भारतीय शेयर बाजार ने हाल ही में 50 फीसदी टैरिफ खतरे के बावजूद ज्यादा नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी, खासकर कंजम्पशन वाले शेयरों में, क्योंकि सरकार का पॉलिसी रिएक्शन लगातार तेज हो रहा है। फरवरी के बजट में आयकर में कटौती पहले ही लागू की जा चुकी है। लेकिन हाल ही में ज्यादा सकारात्मक खबर यह है कि त्रस्ञ्ज में सुधार और सरलीकरण का प्रस्ताव है। अमेरिकी प्रशासन ने 27 अगस्त को भारत से होने वाले सामानों के निर्यात पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स बाहर थे। जेफरीज के अनुमान के मुताबिक, यह अर्थव्यवस्था पर लगभग 55-60 अरब डॉलर का सीधा झटका है, और सबसे ज्यादा प्रभावित सेक्टर वस्त्र, जूते, आभूषण और रत्न है। इन सेक्टर्स में रोजगार के ज्यादा मौके भी बनते हैं। बाजार में अगस्त 2025 में Nift450 एक फीसदी गिर गया, जो टैरिफ से संबंधित चिंताओं का संकेत है। फार्मा, रियल्टी, ऑयल एंड गैस, बैंक, रियल्टी और CPSE इंडेक्स इस अवधि में 5 फीसदी तक गिरकर कमजोर प्रदर्शन कर चुके हैं।

राजधानी में गणेशोत्सव


श्री शिवाय गणेश मित्र मंडल, अश्वनी नगर, रायपुर


लाखे नगर युवा संघ गणेश उत्सव समिति लाखे नगर, रायपुर


अश्वासनी नगर गणेश उत्सव समिति अश्विनी नगर सुंदर नगर रोड रायपुर


माल वाहक वाहन मालिक-चालक संघ गणेश उत्सव समिति रायपुरा चौक रिंग रोड


श्री शिव मंदिर गणेश उत्सव समिति बुढ़ापारा


श्री श्री आकाश गणेश दुर्गा गणेश उत्सव समिति चूनाभट्ठी

## एक नजर

### मुख्यमंत्री साय कल लौटेंगे रायपुर एयरपोर्ट पर होगा भव्य स्वागत

**रायपुर, 29 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने 10 दिवसीय विदेश दौरे के समापन के बाद कल, 30 अगस्त को रायपुर लौटने वाले हैं। उनकी वापसी पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रायपुर शहर जिला भाजपा ने जोरदार स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। इसको लेकर गुरुवार को रायपुर शहर जिला भाजपा की एक तैयारी बैठक आयोजित हुई, जिसमें सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है। भाजपा की योजना मुख्यमंत्री के स्वागत में एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री निवास तक रैली निकालने की है, जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने विदेश दौरे के दौरान जापान और दक्षिण कोरिया का भ्रमण किया। जापान के ओसाका में उन्होंने वर्ल्ड एक्सपो में भाग लिया और वहां उद्योगपतियों से मुलाकात की।

### पत्नी के चरित्र पर संदेह कर रॉड से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 29 अगस्त।** पत्नी के चरित्र पर संदेह कर रॉड से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में अभनपुर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टोकरो निवासी आरोपी मुकेश कुमार सेन 30 वर्ष ने अपनी पत्नी प्रियंका सेन के चरित्र पर संदेह कर हत्या के नियत से रॉड से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। जिससे गंभीर हालत में प्रियंका को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### चाकू के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 29 अगस्त।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने गांधीनगर के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए आरोपी रोहित सागर 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने ओव्हरब्रीज के पास चाकू लहराते हुए आरोपी भुनेश्वर वर्मा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने पंकज ऑक्सीजन के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी चंदन भारती 29 वर्ष, सूरज वर्मा 30 वर्ष, अभिषेक बैठा 31 वर्ष और रूपेश यादव 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### डकैती और फरारी का आरोपी पकड़ाया

**रायपुर, 29 अगस्त।** रायपुर और महासमुंद जिले में डकैती, लूट और दो बार पुलिस हिरासत से भागने जैसे गंभीर मामलों में वांछित आरोपी धनी राम घृतलहरे को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चार वर्षों से फ़रार चल रहे इस आरोपी की गिरफ़्तारी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और गोलबाजार थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में की गई। 30 वर्षीय धनी राम, टेकारी मोड़ (दलदलसिवनी), ब्लॉक-12, पीएम आवास का निवासी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उसके खिलाफडकैती, लूट और पुलिस अभिरक्षा से फ़रारी के पांच आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपी पर न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था और उस पर नकद इनाम की भी घोषणा की गई थी। धनी राम पहली बार 19 मई 2021 को डीकेएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, रायपुर से इलाज के दौरान फ़रार हुआ था।

#### पीएम की मां पर अभद्र टिप्पणी को लेकर बवाल

# राहुल-तेजस्वी पर भड़के सीएम-डिप्टी सीएम, कहा- जनता माफ नहीं करेगी

**रायपुर, 29 अगस्त।** बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'वोटर अधिकार यात्रा' को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि इस यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के लिए बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। भाजपा ने इसे अपमान, घृणा और स्तर हीनता की सारी हदें पार करने वाला काम करार दिया। इस मामले पर छत्तीसगढ़ के सीएम और डिप्टी सीएम ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सीएम



विष्णुदेव साय ने कहा कि पीएम की माताजी पर टिप्पणी करना कांग्रेस और आरजेडी की ओछी राजनीति को दर्शाता है। कांग्रेस की संस्कृति रही है कि ओबीसी और आदिवासियों का अपमान करना। बयान जारी करके एक बार फिर कांग्रेस ने इसे चरितार्थ कर दिया है। पीएम मोदी देश के 140 करोड़ लोगों के लिए दिन-रात काम करते हैं। बिहार और देश की जनता पीएम का यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

### घोर निंदनीय: साव



कांग्रेस और आरजेडी नेताओं का बयान वायरल होने के बाद छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने भी कांग्रेस नेताओं पर टिप्पणी की है। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि मंच से गालियों और अभद्र भाषा का इस्तेमाल घोर निंदनीय है। यह अशोभनीय है। कांग्रेसङ्कआरजेडी की हरकत देश की हर मां का अपमान है। देश की जनता कभी राहुल गांधी और आरजेडी के नेताओं को माफनहीं करेगी। सत्ता के लिए ये दल इतने नीचे चले जाएंगे, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

# पाक से रायपुर तक ड्रग्स तस्करी

## ड्रोन से बॉर्डर क्रॉस करवाया, देशभर में की गई सप्लाई

- पंजाब से मास्टर माइंड पकड़ा गया; थर्ड जेंडर से भी पूछताछ



**रायपुर, 29 अगस्त।** पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान ड्रग्स सिंडिकेट के जरिए रायपुर भेजता था। गुरुवार देर रात रायपुर पुलिस के अधिकारी उसे पंजाब से लेकर आए हैं। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारी पूरे मामले का जल्द खुलासा करेंगे।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि, वो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए ड्रग्स मंगवाता था। उसे देश भर में बेचता था। छत्तीसगढ़ पुलिस आरोपियों के नेटवर्क को पहले ही तोड़ चुकी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों के गिरोह में थर्ड जेंडर के शामिल होने की आशंका है। पुलिस उन्हें भी बुलाकर पूछताछ कर रही है। देर रात रायपुर एसएसपी, एएसपी क्राइम, डीएसपी क्राइम ने भी आरोपी से पूछताछ की है।

**तीन अलग-अलग गुट के अब तक 38 आरोपी गिरफ्तार :** पिछले कुछ महीनों से रायपुर समेत आसपास के जिलों में ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई है। अब तक 38 आरोपी अलग-अलग सिंडिकेट से गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें से कुछ को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि कई आरोपियों से पूछताछ चल रही है। पुलिस का दावा है कि बड़े पैमाने पर ड्रग्स नेटवर्क को तोड़ने में सफ़लता मिल रही है।

**पाकिस्तान-दिल्ली और महाराष्ट्र का ड्रग्स रायपुर में बिक रहा :** पाकिस्तान, दिल्ली और महाराष्ट्र का ड्रग्स बेचकर शहर के युवाओं को निशाना बनाने वाले ड्रग्स सप्लायर्स पर पुलिस की नजर लगातार बनी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि ड्रग्स माफ़िया की जड़ें कमजोर करने के लिए न सिर्फ सप्लायर बल्कि नेटवर्क से जुड़े हर व्यक्ति पर कार्रवाई होगी।

# चिकित्सक का फर्जीवाड़ा, करोड़ों की एमआरआई मशीनों की होगी नीलामी

**रायपुर, 29 अगस्त।** दिल्ली की एक प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा अब भिलाई तथा दुर्ग में कैं सर अस्पताल चलाने वाले एक निजि चिकित्सक के फर्जीवाड़े में अनेक शिकायतें आई है जिसके चलते अब सरकार के एक उपक्रम द्वारा इनकी विर्भिन्न संपत्तियों का नीलामी करने का आदेश दिया गया है।

भारत सरकार के एक उपक्रम द्वारा इस आशय का निर्णय लिया गया है जिसके लिए आज सार्वजनिक रूप से एक विज्ञापन भी जारी कर लिया गया है। जिसके अनुसार व्हीआरएस कंपनी के एमआरआई सहित अन्य मशीनों की अलग अलग तिथियों में नीलामी की जाएगी। दिल्ली स्थित इस संस्था के द्वारा इसका अधिकतम एवं न्युनतम मूल्य तय कर दिया गया है। जिसके अनुसार बोली लगाने वाले इसके आगे ही कोई बोली लगा सकते हैं। भिलाई के नेहरू नगर में रहने वाले इस फर्जी चिकित्सक के कई कारनामे है जिसमें अनेक संस्थाओं से लोन लिया था लेकिन इसे पटाया नहीं है इसके विरुद्ध पुलिस में अनेक शिकायतें है। भिलाई में सूत्रों के अनुसार दुबई सहित अन्य स्थानों पर संपत्ति बना ली है कई दिनों से कलकत्ता में झूपा होने के कारण इसे पकड़ कर भिलाई लाया गया था। रायपुर के चौबे कालोनी स्थित मशीन करोड़ों की है इस एमआरआई में शहरीर के बई भागों का एक्सरे लिया था जिससे अनेक गंभीर बीमारियों का पता चलता था। इस आधुनिक मशीन की कीमत करोड़ों है फिलहाल यह संस्थान बंद हो गया है लेकिन इसे कंपनी द्वारा निर्धारित समय पर पैसा नहीं पटाया गया है राजधानी में इस समय एमआरआई कराने वाले रायपुर एम्स के सामने तथा अन्य स्थानों पर जाते हैं। यह संगठन काफी प्रसिद्ध था जहां पर कई दुर्लभ बीमारियों का इलाज किया जाता था जिसमें किडनी कैंसर प्रमुख है।

# विष्णुदेव साय कैबिनेट में 14 मंत्री कांग्रेस ने हाईकोर्ट में दी चुनौती

**बिलासपुर, 29 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में कुछ दिनों पहले तीन नए मंत्री बनाए गए हैं। इससे कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 11 से 14 हो गई है। कांग्रेस ने इसके विरोध में हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई है। इसमें सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्यमंत्री समेत सभी 14 मंत्रियों को पक्षकार बनाया गया है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता बसदेव चक्रवर्ती से शपथ पत्र मांगा है। कोर्ट ने जनहित लगाए जाने के उद्देश्य देखने के लिए याचिकाकर्ता से शपथ पत्र में उसका बैकग्राउंड और समाजसेवा में किए गए कामों की जानकारी मांगी है। राज्य शासन से भी दिशा निर्देश मांगा गया है। याचिकाकर्ता ने डिवीजन बेंच के एक फैसले को मद्देनजर रखते हुए जनहित याचिका लगाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच में इसकी सुनवाई हुई। अब सुनवाई 2 सितंबर को होगी।



- जज ने याचिकाकर्ता के बैकग्राउंड-समाजसेवा की मांगी जानकारी, मंगलवार को होगी अगली सुनवाई

### सीटों की संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकते

विधानसभा में मंत्रिमंडल के सदस्य कुल सीटों की संख्या के 15% से अधिक नहीं हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीटें हैं। इस आधार पर मंत्रिमंडल का प्रतिशत 13.50 है। छत्तीसगढ़ में 20 अगस्त को तीन नए मंत्रियों के शपथ के बाद मंत्रिमंडल की कुल संख्या 14 हो गई है, यह 15 प्रतिशत से अधिक है।

### शराब घोटाला अतुल और मुकेश विशेष अदालत में पेश

**रायपुर, 29 अगस्त।** शराब घोटाले में आज झारखंड से लाये गये दो आरोपी मुकेश और अतुल कुमार को आज ईओडब्ल्यू ने विशेष कोर्ट में पेश किया है। मिली जानकारी के अनुसार छग में हुए शराब घोटाले में मुकेश और अतुल की भूमिका भी काफी संदिग्ध रही है। ये दोनों झारखंड में ईसीबी की गिरफ्त में है। छग सरकार ने शराब को लेकर एक समझौता किया था। इसमें भारी घोटाला किया गया था। अन्य आरोपी भी इस समय जेल में है। विशेष न्यायालय ने दोनों पक्षों के वकिल ने अपने अपने तर्क दिये है। इन पंक्तियों तक लिखेजाने तक बहस जारी थी। ईडी ने इन दिनों आरोपियों को झारखंड से ट्रांजिस्ट रिमांड पर लेकर आई है।

# शहीद स्मारक भवन बिकाऊ नहीं : तीन करोड़ खर्च बेकार, अब प्राइवेट कंपनी को देने जा रहा निगम

**रायपुर, 29 अगस्त।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों की स्मृति में वर्ष 2000 में निर्मित शहीद स्मारक भवन के व्यावसायिकरण को लेकर विरोध शुरू हो गया है। रायपुर नगर निगम संचालन और मेंटनेंस के लिए भवन को निजी एजेंसी को देने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वाले और बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने भवन के व्यावसायिक उपयोग होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर निगम 35 से 40 हजार रुपए प्रतिदिन के शुल्क पर भवन को किराए पर देता है।

**भवन की विशेषताएं :** शहीद स्मारक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और 1857 की क्रांति के लगभग 700 शहीदों के नामों को समर्पित है। सभी नाम संगमरमर की दीवारों पर अंकित हैं। इसे वर्ष 2000 में बनवाया गया था। यह प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र है। इसमें एक बड़ा ऑडिटोरियम, कला दीर्घा, लाइब्रेरी और शहीदों की याद में संग्रहालय भी बनाया गया हैं।

**कमाई करेगा निगम :** साल में 5 से 20 लाख रुपए की आमदनी हो रही है और खर्च लगभग 40 से 45 लाख रुपए हो रहा है। नगर निगम इसी अंतर को कम करने के लिए भवन के संचालन का जिम्मा निजी एजेंसी को देने की तैयारी में है। पूर्व में भी 2019-20 में भवन की छत पर चौपाटी शुरू करने की तैयारी थी।



### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, डिप्टी सीएम से मिला स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी संघ

पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं ने दोपहर में शहीद स्मारक भवन पहुंचकर भवन के व्यावसायिक उपयोग को लेकर विरोध जताया। इन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भवन का व्यावसायिक उपयोग होता है तो राज्य शासन, जिला प्रशासन और नगर निगम को बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

# केंद्रीय वित्त मंत्री से मिले चेंबर प्रतिनिधि

## जीएसटी सरलीकरण से सम्बंधित 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**रायपुर, 29 अगस्त।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने आज नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से सौजन्य भेंट मुलाकात की। इस भेंट वार्ता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के सरलीकरण और युक्तियुक्तकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल जीएसटी काउंसलिंग के पूर्व बैठक से वित्त मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें जीएसटी प्रणाली को और अधिक व्यापारी-हितैषी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। ज्ञापन में विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यापारियों को होने वाली परेशानियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक और तकनीकी सुधारों की मांग की गई है। बैठक के दौरान संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी (पूर्व विधायक) ने धारा 71 के का दुरुपयोग पर आपत्ति जताते हुए वित्त मंत्री को अवगत कराया कि धारा 71 के अंतर्गत व्यापारियों को अनावश्यक दबाव एवं ज़बरदस्ती की स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर वित्त मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी मंगवाने के निर्देश दिए।



#### रायपुर का कोटा रेलवे फाटक जल्द होगा बंद, 10 हजार से अधिक लोग होंगे प्रभावित

# अंडरपास और ओवरब्रिज बनाने में टेक्निकल समस्या, रेलवे करेगा सर्वे

**रायपुर, 29 अगस्त।** रायपुर के कोटा रेलवे क्रॉसिंग फाटक को बंद करने के लिए काम शुरू हो गया है। लेकिन फाटक बंद करने के फैसले से पहले दूसरे किसी रास्ते का विकल्प नहीं दिया गया है। इस रास्ते के बंद होने से यहां से रोज गुजरने वाले लगभग 10 से 12 हजार स्टूडेंट, व्यापारी और अन्य वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। आम लोगों की अपील है कि जब तक दूसरा कोई रास्ता ओपन नहीं किया जाता, रेलवे फाटक बंद नहीं किया जाए।

इस पूरे मामले पर रेलवे प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि, तकनीकी सर्वेक्षण के बाद ही इस संबंध में कोई कदम उठाया जाएगा। रायपुर रेल मंडल के डीआरएम दयानंद ने बताया कि फिलहाल गेट बंद को लेकर कोई डेट तय नहीं कि गई है। हम ऑप्शनल रास्ता तलाश रहे हैं, इसके बाद ही फैसला लेंगे। 10 से 15 दिनों में किसी नतीजे पर पहुंचने की बात डीआरएम ने कही है। डीआरएम दयानंद ने बताया कि, फाटक बंद होने के बाद ऑप्शनल रास्ते के तौर पर ROB यानी रोड ओवर ब्रिज या RUB यानी रोड अंडर ब्रिज बनाना है। लेकिन कोटा फाटक में ROB बनाने की कोई संभावना नहीं है। RUB को लेकर भी संभावना तलाशी गई है। लेकिन फाटक के दोनों तरफ लोगों ने घर बनाकर रखें हैं। RUB के दोनों छोर पर ठीक-ठीक लेंथ चाहिए होती है। नहीं तो पानी भरा रहेगा।

**स्टूडेंट्स को ज्यादा समस्या होगी:** एनआईटी रायपुर, साइंस कॉलेज, आयुर्वेद कॉलेज और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सैकड़ों स्टूडेंट्स रोज इस रास्ते का उपयोग करते हैं। क्रॉसिंग बंद होने से उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा, जिससे समय और लागत बढ़ जाएगी। स्थानीय व्यापारियों ने भी नुकसान की चेतावनी दी है क्योंकि आपूर्ति मार्ग और ग्राहकों तक पहुंच बाधित होगी।

**रास्ते के लिए लंबा संघर्ष हुआ था:** लोगों ने बताया कि, कोटा को जीई रोड से जोड़ने वाली इस सड़क का इतिहास जन संघर्ष से जुड़ा है। 1990 के दशक में, पूर्व पार्षद स्वर्गीय किशोर साहू ने इसके निर्माण की मांग करते हुए अपनी जान जोखिम में डाल दी थी, क्योंकि निवासियों को मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए एनआईटी रायपुर (तब इंजीनियरिंग कॉलेज) परिसर से होकर गुजरना पड़ता था।



### दो पहिया और पैदल यात्रियों के लिए की जा सकती है व्यवस्था

डीआरएम दयानंद ने बताया कि, क्रॉसिंग बंद होने के बाद भी दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए क्रॉसिंग पार करने के किसी विकल्प पर विचार कर सकते हैं। लेकिन यह सब हमारे प्रस्तावित तकनीकी सर्वेक्षण पर निर्भर करता है। जिसमें 10 दिनों का वक्त लग सकता है।

### 2027 तक बंद करना है सभी रेलवे क्रासिंग

रेलवे की प्रस्तावित योजनाओं के अनुसार, लगभग सभी क्रॉसिंग, विशेष रूप से शहर की सीमा के भीतर, 2027 तक बंद कर दी जाएगी। डीआरएम ने कहा कि कोटा क्रॉसिंग का प्रस्तावित बंद होना उसी का एक हिस्सा है।

### छग की बेटी मनतृप्त कौर संधु सम्मानित



**रायपुर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन ने आईएएस की तैयारी कर रही मनतृप्त कौर संधु को मोमेंटो ऑफऑनर से सम्मानित किया। हाल ही में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें राष्ट्रपति रेंजर पुरस्कार प्रमाणपत्र प्रदान किया था। यह उपलब्धि उन्होंने राष्ट्रपति रेंजर प्रमाणपत्र परीक्षा में विशेष स्थान प्राप्त कर हासिल की।

मनतृप्त बी.कॉम, एम.ए. और पीजीडीसीए की डिग्री के साथ ही सिक्खों की युद्ध शैली गतका की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी भी हैं। इस अवसर पर उनके पिता गुरुजीत सिंह संधु, प्रमुख सलाहकार-छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा माता पवनजीत कौर संधु मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में एसोसियेशन के संयोजक जी.एस. बॉम्बरा ने कहा कि मनतृप्त की सफलता से न केवल सिक्ख समाज बल्कि पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित है। उन्होंने स्काउट्स और गाइड्स को अनुशासित जीवन का महत्त्वपूर्ण पाठशाला बताया। एसोसियेशन 2018 से सरबत दा भला के उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा और फैमिली काउंसिलिंग के क्षेत्र में सक्रिय है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26